हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 2 अगस्त 2025

तापमान

अधिकतम 31.8 डिग्री

न्यूनतम 25.4 डिग्री



जिला पंचायत दफ्तर के सामने अब भी सड़क पर वाहन खड़े किए जा रहे हैं। जिससे ट्रैफिक जाम होता है।



# ग्राम सभाओं के भरोसे राज्य भर के 30 शहरों के मास्टर प्लान, पेसा ने रोका काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर


छत्तीसगढ़ में पेसा कानून को मंजूरी मिलने के बाद सड़क, बिजली, पानी, राजस्व, उद्योगों के फैसले ग्राम सभाओं के भरोसे हो गए हैं। इसी कारण 30 से अधिक जगहों के मास्टर प्लान पर भी फिलहाल ब्रेक सा लग गया है। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग ने इन शहरों के मास्टर प्लान को तैयार तो कर लिया है लेकिन अब जब तक ग्राम सभा इसे अनुमति नहीं देती तब तक इसे विधिपूर्वक लागू नहीं किया जा सकता। बिलासपुर संभाग की बात करें तो इसी कारण कोटा, सूरजपुर, लखनपुर, दीपका और अंबिकापुर का मास्टर प्लान रोक दिया गया है। अधिकारी अब इन क्षेत्रों के आदिवासियों को मनाने में जुटे हैं। जल्द ही ग्रामसभा की बैठक बुलाने और उस पर फैसले की कोशिश की जा रही है। दो साल पहले से इन शहरों के मास्टर प्लान तैयार है लेकिन उसे अंतिम रूप नहीं दिया जा रहा है।

ज्ञात हो कि कांग्रेस सरकार ने पिछले साल ही कैबिनेट की बैठक में पेसा कानून पर मुहर लगाई थी। इस फैसले का असर बिलासपुर, सरगुजा, रायगढ़, बस्तर और कांकेर लोकसभा क्षेत्र समेत 30 विधानसभा क्षेत्रों पर हुआ। वहीं 32 फीसदी आबादी यानी 80 लाख जनसंख्या वाले 85 जनपद पंचायतों में आदिवासियों का दबदबा होगा। ध्यान रहे कि पेसा एक्ट 5वीं अनुसूची में शामिल अनुसूचित क्षेत्रों के लिए है।

## कोटा में 15 ग्राम पंचायतें शामिल

टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से मिली जानकारी के मुताबिक जिले के कोटा नगर पंचायत के अंतर्गत निवेश क्षेत्र में 15 ग्राम पंचायतों का 7393.39 हेक्टेयर क्षेत्रफल शामिल किया है। इसमें साल 2031 तक कोटा नगर पंचायत एरिया की जनसंख्या एक लाख अनुमानित की गई है। इसी हिसाब से आवासीय क्षेत्र के लिए 764.33 हेक्टेयर(45.07 फीसदी), वाणिज्यिक क्षेत्र 56.06 हेक्टेयर, मिश्रित क्षेत्र 13.71 हेक्टेयर, औद्योगिक 95.65 हेक्टेयर, सार्वजनिक, अर्धसार्वजनिक 115.93 हेक्टेयर, आमोद-प्रमोद 206.78 हेक्टेयर, यातायात 443.45 हेक्टेयर तथा विकसित क्षेत्र 1695.81 हेक्टेयर निर्धारित किया गया है। ज्ञात हो कि बिलासपुर मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर कोटा में कटनी रूट का रेलमार्ग है। इसके अलावा बिलासपुर से कनेक्टिविटी के लिए सड़क मार्ग भी है। यहां प्राइवेट यूनिवर्सिटी और गवर्नमेंट कॉलेज भी हैं।

## आदिवासियों को मनाने में जुटे अधिकारी



- कई शहरों के मास्टर प्लान शासन के पास भेजे जा चुके, अब बदलना होगा
- सड़क, बिजली, पानी, राजस्व, उद्योगों के फैसले भी ग्रामसभाओं के हवाले

## दीपका का मास्टर प्लान शासन के पास

कोरबा जिले की बात करें तो नगर निगम का पहले ही मास्टर प्लान बन चुका है। बाकी चार निकायों का मास्टर प्लान बनना बाकी है। दीपका का मास्टर प्लान राज्य शासन को भेजा जा चुका है। यहां निवेश क्षेत्र में झाबर,बिंझरी, बटारी ,बरेली, बिंझरा, दूरेना, जुराली ,बेलटिकरी, मलगांव , डूंगरपुर, चैनपुर , सुआभोड़ी , कोराई ,कसईपाली , चाकाबुड़ा, देवगांव तिवरता, सिरकी, बुंदेली देवरी, दीपका शामिल हैं। ध्यान रहे कि राज्य शासन ने कोरबा जिले के नगरीय निकायों के साथ ही ग्राम पंचायतों को निवेश क्षेत्र घोषित किया है। जिसमें नगर पालिका कटघोरा, दीपका, नगर पंचायत छुरी और पाली के साथ 77 गांवों के नाम शामिल हैं। इसके मुताबिक निवेश क्षेत्रों में शामिल गांव का लैंड यूज बदलने के लिए नगर और ग्राम निवेश के संचालक से अनुमति लेनी होगी।

## इनका मिला अधिकार

- ग्राम सभाओं की अनुमति के बिना ग्राम पंचायतों में निर्णय नहीं
- सड़क, बिजली, नाली आदि के बुनियादी फैसले भी
- राजस्व, उद्योग, वन, खनिज, से संबंधित फैसले ग्रामसभा लेगी

## पेसा से ग्रामसभा का अधिकार बढ़ा

ज्ञात हो कि पेसा कानून लागू होने से ग्रामसभा का अधिकार बढ़ गया है। पेसा ग्राम सभाओं को विकास योजनाओं की मंजूरी देने और सभी सामाजिक क्षेत्रों को नियंत्रित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने का अधिकार देता है। इसमें नीतियों को लागू करने वाली प्रक्रियाएं और कर्मी, लघु (गैर-लकड़ी) वन संसाधनों, लघु जल निकायों और लघु खनिजों पर नियंत्रण रखने, स्थानीय बाजारों का प्रबंधन, भूमि के अलगाव को रोकने और अन्य चीजों के साथ नशीले पदार्थों को नियंत्रित करना शामिल है। इसलिए अब उस क्षेत्र में बिना ग्राम सभा की अनुमति के कुछ भी बड़े फैसले नहीं लिए जा सकते। ज्ञात हो कि पेसा क्षेत्र में शामिल गांव वनांचल में आते हैं। आदिवासी बहुल क्षेत्र में जमीन की खरीदी-बिक्री कम होती है। साथ ही औद्योगिक विकास के लिए भी जमीन अधिग्रहण के साथ दूसरी औपचारिकताएं पूरी करनी होती हैं।

## पेसा से प्रभावित विधानसभा सीटें

भरतपुर - सोनहट, प्रतापपुर, रामानुजगंज, सामरी, लुंड्रा, सीतापुर, पत्थलगांव, जशपुर, कुनकुरी, लैलूंगा, धरमजयगढ़, रामपुर, पाली -तानाखार, मारवाही, बिंद्रानवागढ़, सिहावा, डौंडीलोहारा, मोहला -मानपुर, अंतागढ़, केशकाल, भानूप्रतापपुर, कांकेर, कोंडागांव, नारायणपुर, चित्रकोट, जगदलपुर, बस्तर, दंतेवाड़ा, बीजापुर व कोंटा।

## सहमति बनाने की होगी कोशिश

प्रदेश भर के कई शहरों के मास्टर प्लान तैयार कर लिए गए हैं। इनमें से आदिवासी क्षेत्रों में पेसा कानून लागू होने के बाद से स्थितियां बदल गई हैं। अब ग्राम सभाओं की अनुमति जरूरी है। उसी हिसाब से प्रारूप तैयार हो रहे हैं। जल्द ही ग्राम सभाओं की बैठक बुलाकर इस पर सहमति बनाने की कोशिश होगी।

**- बीपी पटेल,** संयुक्त संचालक टाउन एंड कंट्री प्लानिंग

## खबर संक्षेप

### स्वच्छता पखवाड़ा पर प्रभात फेरी आज

**बिलासपुर।** स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत के तहत 1 से 15 अगस्त तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जोनल मुख्यालय में पहले दिन शुक्रवार को एसईसीआर के जोन महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने सभी विभागाध्यक्ष एवं रेल स्टाफ को स्वच्छता पखवाड़ा की सामूहिक शपथ दिलाई। इसमें अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। 2 अगस्त को प्रभात फेरी व नुक्कड़ नाटक, 3 अगस्त को स्वच्छता विषय पर जागरूकता गतिविधियां, 4 से 15 अगस्त को स्वच्छता पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें रेल परिसर और आसपास के इलाके में संयुक्त श्रमदान के प्रयास स्टेशन परिसर और उसके आसपास की सफाई के लिए स्थानीय हस्तियों, प्रभावशाली लोगों को शामिल किया जाएगा। रेलवे स्टेशन पर पीए सिस्टम और ट्रेन में घोषणाओं के माध्यम से कोच व स्टेशन को साफ रखने में यात्रियों का सहयोग लिया जाएगा।

### अवैध कब्जा रोकने शुरू किया वन भूमि सर्वेक्षण

**बिलासपुर।** वनभूमि एवं छोटे-बड़े झाड़ के जंगलों की ज़मीन अवैध कब्जे से बचाने के उद्देश्य से वन भूमि सर्वेक्षण शुरू किया गया है। उक्त सर्वेक्षण राजस्व विभाग एवं वन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। एक माह के भीतर सर्वेक्षण समाप्त कर इसकी जानकारी शासन को भेजी जानी है। शासन की वन भूमि बेजा कब्ज़े की भेंट चढ़ चुकी है। अब शेष बची ज़मीन को सुरक्षित रखने वन भूमि सर्वेक्षण किया जा रहा है। वन विभाग एवं राजस्व विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किये जाने वाले इस सर्वेक्षण की विस्तृत रिपोर्ट एक महीने के भीतर राजस्व सचिव के समक्ष भेजी जाएगी। सचिव स्तर से हरी झंडी मिलने के बाद भूमि का चिंहांकन कर नक्शा तैयार कर भुइयाँ पोर्टल में भी अपलोड किया जाएगा। अधीक्षक भू अभिलेख केएस यादव ने बताया कि सर्वे का काम शुरू किया जा चुका है, जिसे एक महीने में पूरा कर शासन को जानकारी भेजी जानी है।

### किशोर कुमार की जयंती पर गायन 4 को

**बिलासपुर।** किशोर कुमार की जयंती पर 4 अगस्त को आर्केस्टा हार्टबीट द्वारा लखीराम अग्रवाल सभागार में फाइनल होने जा रहा है। इसमें प्रतिभागी अपनी गायन से किशोर कुमार के संगीतमय योगदान से उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। यह कार्यक्रम दोपहर 3 बजे से प्रारंभ होगा। इसे सफल बनाने के लिए पीटर मुदलियार, अमन कुलपहाड़ी, दीपक मिश्रा, मधु सुदन, बबलू गंधर्व, भुपेन्द्र मनहरे, एलिशा मुदलियार जैसे उत्साही आयोजकों की टीम तैयारी में जुटी है। आयोजन समिति ने श्रोताओं से इस कार्यक्रम में शामिल होकर गायन प्रतियोगिता का आनंद उठाने की अपील की है।



### प्राचार्य पदोन्नति पर सुनवाई सोमवार को



**बिलासपुर।** हाईकोर्ट में जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल के कोर्ट में प्राचार्य पदोन्नति पर सुनवाई अब सोमवार को होगी। पिछले चार दिनों तक चली सुनवाई में याचिकाकर्ता और शासन की ओर से अपना पक्ष रखा जा चुका है। शासन की ओर से कहा गया कि प्रधान पाठक मिडिल स्कूल के सेवा को 5 वर्ष के अनुभव हेतु पात्रता के लिए रखा है, प्रधान पाठक पद से व्याख्याता कोटे में सीनियरिटी देने का नियम नहीं है। डबल बैंच में यही डायरेक्शन है।

### भारी मात्रा में महुआ लहान भी नष्ट किया

# ग्रामीणों ने जब्त की अवैध शराब, आबकारी अमला नहीं पहुंचा तो नदी में बहा दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अवैध शराब की धरपकड़ और कार्रवाई को लेकर आबकारी और पुलिस का अमला इसकदर गैर जिम्मेदार है कि तखतपुर के मेड़पार गांव के लोगों ने अवैध शराब पर कार्रवाई की और भारी मात्रा में जमीन में दबी महुआ शराब निकाल कर रख लिया। इस दौरान 300 किलो से अधिक लहान भी मिला, ग्रामीण सुबह से आबकारी अमले का इंतजार करते रहे, लेकिन वहां न तो आबकारी का अमला पहुंचा और न ही पुलिस की कार्रवाई हो सकी। इसके बाद ग्रामीणों ने स्वयं ही शराब और महुआ को मनियारी नदी में बहा दिया।

प्रदेश में एक ओर सरकारी दुकानों में शराब मिल रही है, वहीं बिलासपुर क्षेत्र में चारों ब्लॉक में अवैध शराब का बोल बाला है। तखतपुर इस लिस्ट में पहले नंबर पा आता है। आबकारी विभाग के अधिकारी दावा करते हैं कि हर महीने भारी मात्रा में शराब जब्त की जा रही है और आरोपियों को जेल दाखिल किया जा रहा है, लेकिन दूसरी ओर गांव के लोगों के द्वारा सूचना दिए जाने के बाद भी कार्रवाई नहीं की जाती है। मामला तखतपुर के मेड़पार का है, शुक्रवार की सुबह ग्रामीणों ने अवैध शराब पर स्वयं ही कार्रवाई करने के नीयत से जमीन में दबे लाखों लीटर महुआ शराब को जब्त कर लिया। इस दौरान कैन और ड्रम में रखे लहान और महुआ शराब बरामद की गई। इस दौरान सरपंच से इसकी शिकायत पुलिस और आबकारी से करने के लिए कहा गया, इसके बाद बाजार में महुआ शराब और लहान को रख ग्रामीण दिन भर कार्रवाई का इंतजार करते रहे, लेकिन ना तो पुलिस की टीम पहुंची और ना ही आबकारी का अमला पहुंच सका। इसके बाद ग्रामीणों ने शाम ढलने के बाद अवैध शराब और लहान को मनियारी नदी में बहा दिया।



तखतपुर के मेड़पार में ग्रामीणों द्वारा जब्त कर रखी गई शराब।

## वीडियो हो चुका था वायरल

बताया जा रहा है कि सुबह से ही ग्रामीणों ने इस घटना का वीडियो फेसबुक में अपलोड कर दिया था, इसके बाद कुछ लोग एक्टिव हुए और अवैध लहान को लेकर ग्रामीणों से सौदा करते रहे, लेकिन ग्रामीणों ने किसी की भी नहीं सुनी और उसे रात में नष्ट कर दिया है। वहीं घटना का वीडियो आबकारी विभाग तक पहुंचा, टीम गनियारी के छापामारी कार्रवाई करती रही, लेकिन मेड़पार तक विभाग के अधिकारी नहीं पहुंच सके।

## ट्रैक्टर के सहारे शराब को किया नष्ट

प्रशासनिक उदासीनता के कारण ग्रामीणों ने अवैध शराब को स्वयं ही ठिकाने लगाने की जुगत लगाई। शाम ढलने के बाद ग्रामीणों ने ट्रैक्टर और ट्राली की मदद से भारी मात्रा में महुआ शराब और लहान को नदी में बहाने के लिए भरा। इस दौरान कैन और ड्रम को रखने में ग्रामीणों को भारी मशक्कत का सामना करना पड़ा।

## पुलिस को खबर की जा सकती थी

विभाग को इसकी जानकारी नहीं है, कुछ विडियो वायरल होने की बात सामने आई है, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। अगर आबकारी विभाग को खबर नहीं है तो पुलिस को खबर की जा सकती है। वायरल वीडियो की जांच जरूरी है।

**- नवनीत तिवारी,** सहायक आबकारी आयुक्त

## हर बार क्षेत्र में पकड़ी जाती है शराब

हर बार क्षेत्र में शराब पकड़ी जाती है। शुक्रवार की सुबह भी शराब पकड़ी गई थी, जिसे शाम के बाद नष्ट करने की कार्रवाई ग्रामीणों के द्वारा की गई है।

**- दिनेश कुमार,** सरपंच, मेड़पार

# टिफिन में मंगाना होगा खाना

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेस सिम्स में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स के लिए पालिथीन में भोजन का पैकेट सप्लाई नहीं किया जा सकेगा। मामला संज्ञान में आने के बाद डीन डॉ रमणेश मूर्ति ने आदेश जारी करते हुए पालिथीन को पूर्णतः प्रतिबंधित किया है। साथ ही स्टूडेंट को टिफिन में ही खाना सप्लाई करना होगा।

खबर का असर

- सिम्स के डीन ने जारी किया आदेश

दरअसल सिम्स में मेस होने के बावजूद अधिकांश स्टूडेंट बाहर से खाना मंगाकर खाते है, यह खाना पालिथीन में बंद होकर आती है और हास्टल के पार्किंग में खुले में रखी जाती है। इस बारे में हरिभूमि ने 1 अगस्त के अंक में खबर प्रकाशित की थी, जिसके बाद सिम्स प्रबंधन की आंखें खुली है और इस पर रोक लगाने हेतु डीन ने आदेश जारी कर दिया है। सिम्स में अध्ययनरत स्टूडेंट बाहर से खाना मंगवाने के लिए अब टिफिन का ही उपयोग कर सकेंगे। हास्टल और संस्थान के बाकी हिस्से में सिंगल यूज पालिथीन पूर्णतः वर्जित होगी। खास बात यह है कि बाहर से भोजन लाने वालों को हास्टल में प्रवेश नहीं मिलने से वे हास्टल के बाहर पार्किंग पर भोजन के पैकेट रखकर चले जाते हैं, बारिश के मौसम में पैकेट संक्रमित होने का अंदेशा बना रहता है, प्रबंधन के आदेश के बाद खाने के टिफिन को परिजन कक्ष और गार्ड कक्ष में रखवाने का प्रबंध किया जाएगा।



ऐसा खुले में रखा भोजन करते हैं सिम्स के भावी डाक्टर...

हरिभूमि में 1 अगस्त को प्रकाशित खबर।

## हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

हरिभूमि में प्रकाशित ऐसा खुले में रखा भोजन करते हैं सिम्स के भावी डाक्टर... शीर्षक के साथ प्रकाशित खबर को संज्ञान में लेते हुए उच्च न्यायालय ने सिम्स और जिला प्रशासन से इस बारे में जवाब मांगा है और एक हफ्ते के भीतर जवाब प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। इसके बार सिम्स प्रबंधन में हड़कंप मचा हुआ है। भावी डाक्टरों के सेहत के साथ खिलवाड़ करते हुए भोजन लाने वाले निजी किचन संचालकों को अब सबक मिल सकेगा। प्रबंधन इस बारे में कड़ाई से नियमों का पालन करा सकती है।

# टिकिट बुकिंग से शिकायत तक सारी सुविधा रेलवन एप में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेल प्रशासन ने रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक नई और अत्याधुनिक मोबाइल एप्लीकेशन रेलवन की शुरुआत कर दी है। इस ऐप में यात्री टिकिट बुकिंग से लेकर किसी तरह की शिकायत और मदद ले सकते हैं।

इस एप्लीकेशन का मुख्य उद्देश्य उपयोगकर्ताओं को बेहतर अनुभव प्रदान करना है, जिसे सरल और स्पष्ट यूआई यूजर इंटरफ्रेस के माध्यम से साकार किया गया है। यह न केवल सभी सेवाओं को एक स्थान पर समाहित करता है, बल्कि सेवाओं के बीच एकीकृत संपर्क भी प्रदान करता है। इससे उपयोगकर्ता को रेल सेवाओं का समग्र पैकेज मिलता है। रेलवन ऐप यात्रियों की सभी आवश्यक सेवाओं के लिए वन स्टॉप सॉल्यूशन है। यह ऐप एंड्राइड और आईओएस दोनों प्लेटफार्म पर उपलब्ध है, जिसे मुफ्त में डाउनलोड किया जा सकता है। इस एप्लीकेशन के जरिए यात्री जनरल टिकिट, रिजर्वेशन एवं प्लेटफार्म टिकिट की बुकिंग, ट्रेन की वर्तमान स्थिति, देर से आगमन/प्रस्थान समय की जानकारी रियल टाइम, सफर के दौरान मनपसंद भोजन आनलाइन करने पर यात्री के बर्थ पर प्राप्त होंगे। ट्रेन रद्द होने, प्लेटफार्म परिवर्तन, विलंब की स्थिति में तत्काल सूचना, शिकायतें या सुझाव सीधे रेल प्रशासन तक पहुंचाने की सुविधा मिलेगी। इससे उपयोगकर्ताओं को कई पासवर्ड याद रखने की आवश्यकता नहीं पड़ती। रेलवन ऐप डाउनलोड करने के बाद रेलकनेक्ट या यूटीएस आन मोबाइल ऐप की मौजूदा यूजर आईडी से लांगिंग किया जा सकता है। इसके कारण उपयोगकर्ताओं को अलग-अलग सेवाओं के लिए अलग ऐप रखने की आवश्यकत नहीं पड़ेगी, जिससे डिवाइस की स्टोरेज भी बचेगी। इसमें आर वालेट की सुविधा जोड़ी गई है, जिसके माध्यम से अनारक्षित टिकिट के भुगतान कर में 3 फीसदी छूट का लाभ मिल रहा है। नए उपयोगकर्ताओं के लिए कम से कम जानकारी देकर पंजीकरण की व्यवस्था है, जिससे रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया आसान और तेज बनती है। इस संबंध में बिलासपुर रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि रेलवन ऐप एक डिजिटल प्लेटफार्म है जो कि यात्रियों को रेलवे से जुड़ी अनेक सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के साथ रेल यात्रा को अधिक सुगम व पारदर्शी बनाता है।



### 98 हजार किसानों का पंजीयन पूरा

# 26 हजार किसान अब भी एग्री स्टेक पंजीयन से दूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले के 26 हजार किसान अब भी एग्री स्टेक किसान पंजीयन से दूर हैं। उन्होंने अब तक एग्री स्टेक पोर्टल में अपना पंजीयन नहीं कराया है। शासन के स्पष्ट निर्देशों के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर सहकारी समितियों में धान की बिक्री के लिए संबंधित किसान का पंजीयन अनिवार्य किया गया है। धान खरीदी प्रारंभ होने में अब केवल तीन महीने ही शेष हैं, जिससे बगैर पंजीयन वाले किसानों को दिक्कत हो सकती है।

राज्य विशिष्ट डिजिटल पोर्टल एग्रीस्टेक में किसानों का पंजीयन अब अंतिम चरणों में है, लेकिन अब भी 26 हजार किसान पंजीकृत होने बाकी हैं। इस पोर्टल में किसानों को अपनी जमीन का खसरा नंबर, फसल एवं भूमि की जानकारी सहित कुछ व्यक्तिगत जानकारी साझा करनी है। एग्रीस्टेक में किसानों को पंजीकृत करने का काम जिले में सेवा सहकारी समितियों, कृषि विभाग के कर्मचारियों, लोक सेवा केंद्र एवं चॉइस सेंटरों के माध्यम से किया जा रहा है। किसान यदि चाहें तो जानकारी होने की स्थिति में वे अपने मोबाईल फोन के जरिए एग्रीस्टेक पोर्टल में घर बैठे भी अपना पंजीयन कर सकते हैं।

खरीफ सीजन 2024-25 में धान खरीदी के पूर्व जिले के करीब एक लाख 25 हजार किसानों ने धान बेचने के लिए अपना पंजीयन सहकारी समितियों में करवाया था। इसके अंतर्गत अब तक जिले के 98 हजार किसानों ने एग्रीस्टेक में अपना पंजीयन करवा लिया है। इसी तरह 26 हजार किसान फिलहाल पंजीयन के लिए रह गए हैं। सूत्रों के अनुसार लगातार सर्वर की खराबी के कारण भी एग्रीस्टेक में किसानों का पंजीयन बाधित हो रहा है। एग्रीस्टेक पोर्टल पूरी तरह आधार बेस्ड है, जिसमें संबंधित किसान के पंजीकृत मोबाईल नंबर पर ओटीपी भी जारी किया जाता है। ऐसी स्थिति में मृत किसान के नाम पर समितियों में धान की फर्जी बिक्री पर भी पूरी तरह से रोक लग जाएगी। इतना ही नहीं, बल्कि किसान की मृत्यु होने के बाद उसके वारिसों द्वारा भी अभिलेखों में आवश्यक सुधार के बाद नए सिरे से पंजीयन कराए बगैर समितियों में धान की बिक्री नहीं की जा सकेगी।

## कैसे बिकेगा सोसायटी में धान?





## पंजीयन का किया जा रहा प्रयास

वर्ष 2024-25 में धान खरीदी के लिए पंजीकृत किसान संख्या के अनुसार सहकारी समितयों में धान बेचने वाले किसानों की संख्या 1.25 लाख है। इनमें से अब तक 98 हजार किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन किया जा चुका है। 26 हजार किसान अब भी पंजीयन के लिए शेष हैं, जिनका जल्द से जल्द पंजीयन का प्रयास किया जा रहा है।

**- केएस यादव**
अधीक्षक भू अभिलेख

## खबर संक्षेप

### शासकीय नवीन महाविद्यालय अमोरा की प्राचार्य डा. वंदना सेवानिवृत




**बिलासपुर।** शासकीय नवीन महाविद्यालय अमोरा जिला मुंगेली की प्राचार्य डा. वंदना तिवारी 40 साल की सेवा करने के बाद 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हो गईं। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें विदाई दी गई। कार्यक्रम में प्रो. आरएन दुबे, प्राचार्य डा. शोभित बाजपेयी, प्राचार्य डा. एसके यादव, प्रो. माया यादव, प्रो. सोनल तिवारी, ऋचा तिवारी, डा. प्रियंका तिवारी, अंजु कोशले, कुसुमलता सहगल, सूर्यकांत चेलकर, जितेन्द्र साहू, समन्वय सिंह, डा. दिनेश कुशवाहा, केदारनाथ सोनी भूपेन्द्र डडसेना आदि ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। शाल श्रीफल भेंटकर उन्हें साथियों ने विदाई दी।

### धर्मजीत ने किया मेला स्थल भरनी में अहाता निर्माण का भूमि पूजन



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय बाबा गुरू घासीदास विशाल मेला भरनी, पेंडारी, परसदा के अध्यक्ष व अखिल भारती सतनामी समाज के प्रमुख राजमहंत, तखतपुर, जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पं. उमादत्त घिलहरे ने बताया कि तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने अपने विधायक निधि से 20 लाख रुपए अहाता निर्माण कार्य (बाउंड्रीवाल) का 27 जुलाई मुख्य अतिथि के रूप में भूमि पूजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने की। इस अवसर पर पं. उमादत्त घिलहरे, संतोष कौशिक, माधवी संतोष वस्त्रकार, ललिता संतोष कश्यप, भारती नीरज माली, राकेश तिवारी, लक्ष्मी प्रसाद खाण्डे, जगदीश लहरे, संतराम लहरे, मंजू खांडे, अजय यादव, सुनील लहरे, राजेन्द्र खांडे, राजकुमार खांडे, टेम सत्येन्द्र खांडे, सुरेश खाण्डेकर, धीरज खाण्डे, रति बंजारे, जगतराम कोसले, मोती कोसले, सत्येन्द्र बंजारे, जय कुमार, तीरिथ राम, पवन कुर्रे, सुखी भारद्वाज, रमेश, कविता सूर्यवंशी, शेरसिंह, इंदिरा, चंद्रवती, चंद्रप्रभा, ओम प्रकाश लहरे, साधना लहरे, प्रतिभा वस्त्रकार, कविता महादेवा, सविता यादव आदि मौजूद थीं।

### भारतीय सिंधु सभा के पुनः बने अध्यक्ष शंकर मनचंदा व राम सुखीजा महामंत्री



**बिलासपुर।** भारतीय सिंधु सभा बिलासपुर की वार्षिक आम की बैठक में भारतीय सिंधु सभा का शंकर मनचंदा को पुन अध्यक्ष बनाया गया। राम सुखीजा महामंत्री चुने गए। नव गठित भारतीय सिंधु सभा युवा विंग के अध्यक्ष अमर चावला महामंत्री अमर पमनानी, कोषाध्यक्ष डॉ सतीश छुगानी, सचिव नवीन जादवानी सहित सभी पदाधिकारियों का अभिनन्दन किया गया। नए सदस्यों श्रीचंद टहल्यानी, सुरेश मंगवानी, दिलीप बहरानी, राहुल चावला, नीरज जिज्ञासी का स्वागत किया गया। इस वर्ष भी सिंधी समाज के प्रतिभा शाली बच्चों का सम्मान 7 सितम्बर को झूलेलाल मंगलम में तय किया गया। बैठक में धनराज आहूजा, रमेश लालवानी, मनोहर पमनानी, नानक खटूजा, हरीश भागवानी, शंकर मनचंदा, राम सुखीजा, कैलाश आयलानी, प्रताप राय आईलानी, महेश पमनानी, नारायण उभरानी,अमर चावला, नवीन जादवानी, शंकर नागदेव, जगदीश नागदेव, हरीश कोडवानी, मुकेश विधानी, विनोद जीवनानी, सुनील लालवानी, अविनाश आहूजा, अभिषेक विधानी, हरीश थावरानी आदि मौजूद थे।

### अखंड रेल कर्मचारी संघ ने किया यूपीएस और एनपीएस का विरोध



**बिलासपुर।** अखंड रेल कर्मचारी संघ ने यूपीएस और न्यू पेंशन स्कीम का विरोध किया, जिसमें बड़ी संख्या में ट्रैक मेंटेनर एसोसिएशन के साथ रेल कर्मचारी भी शामिल हुए। इंडियन रेलवे एप्पलाइज फेडरेशन और नेशनल मूवमेंट फार ओल्ड पेंशन स्कीम के संयुक्त तत्वावधान में एनपीएस और यूपीएस के विरोध में चरणबद्ध तरीके से प्रदर्शन किया जा रहा है। इसके तहत बिलासपुर रेल मंडल में अखंड रेल कर्मचारी संघ में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ट्रैक मेंटेनर एसोसिएशन, आल इंडिया रेलवे रनिंग स्टाफ एसोसिएशन, एआईजीसी शामिल थे। शुक्रवार की शाम 5 बजे बिलासपुर मंडल में रैली निकालकर एनपीएस, यूपीएस व निजीकरण के मुद्दों को लेकर एक सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया गया।

### मंत्रा स्टूडियों में निशुल्क फोटो मेला कल, फैमिली फोटो निशुल्क प्राप्त करें

**बिजनेस प्लस**

**बिलासपुर।** मंत्रा स्टूडियो में 3 अगस्त को विशेष फोटो मेला का आयोजन किया जा रहा है। मंत्रा स्टूडियो के संचालक अशोक राय ने बताया की फोटोग्राफी और फोटो का जीवन में बहुत महत्व है। यह कई तरह से हमारे जीवन को प्रभावित करते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए रविवार 3 अगस्त को मंत्र स्टूडियों कुर्मी भवन सीपत रोड सरकंडा स्टूडियों आने वाले प्रत्येक परिवार को चार अलग-अलग एंगल की फैमिली ग्रुप फोटो खींचकर निशुल्क फ़ोटो प्रिंट दिया जाएगा। निशुल्क फोटो मेला अभियान में शामिल होकर अपने परिवार की यादगार पल की फोटो प्राप्त करें। श्री राय ने बताया कि मंत्रा स्टूडियो अपने कैमरे से आपकी अपनी दुनिया को एक नए दृष्टिकोण फ़ोटो के माध्यम से दे रही है। 3 अगस्त को विशाल फोटो मेला में परिवार सहित शामिल होकर चार अलग-अलग एंगल की फोटो प्रिंट प्राप्त करने के अवसर को मिस न करे। 9 अगस्त रक्षाबंधन एवं 15 अगस्त को विशेष छूट दी जाएगी।

**16 जून से शुरू था आनलाइन रजिस्ट्रेशन** | कुलपति की अनुमति से खाली सीटों पर 14 अगस्त तक दिए जाएंगे प्रवेश

# 40 हजार फ्रेशर स्टूडेंट्स ने कराया रजिस्ट्रेशन, एडमिशन लिए केवल 13 हजार

**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी से संबद्धता प्राप्त कालेजों में फर्स्ट ईयर में इस सत्र एडमिशन लेने के लिए लगभग 40 हजार फ्रेशर स्टूडेंट्स ने प्रवेश पोर्टल में आनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया था। कालेजों में चार बार मेरिट आधार पर लिस्ट निकाले जाने के बाद उनमें से मुश्किल से 13 हजार स्टूडेंट्स ने एडमिशन लिया है। अब कुलपति के अनुमति से रिक्त सीटों पर 14 अगस्त तक एडमिशन दिए जाएंगे।

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत के आधार पर 31 जुलाई तक फर्स्ट ईयर में प्रवेश दिया जाना है। उसके बाद भी कालेजों में सीटें रिक्त रहती है तो यूनिवर्सिटी के कुलपति के अनुमति से 14 अगस्त तक एडमिशन दिया जाएगा। 31 जुलाई तक की स्थिति में कालेजों में मेरिट आधार पर चार बार एडमिशन के लिए लिस्ट निकाली जा चुकी है। फर्स्ट ईयर में एडमिशन के लिए अटल यूनिवर्सिटी के पोर्टल में 16 जून से आनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया था। बीच-बीच में यूनिवर्सिटी द्वारा रजिस्ट्रेशन के लिए फिर से पोर्टल ओपन किया गया था। यूनिवर्सिटी के पोर्टल में लगभग 40 हजार फ्रेशर स्टूडेंटस ने फर्स्ट ईयर में एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था। इनमें से करीब 13 हजार स्टूडेंट्स ने ही अब तक एडमिशन लिया है।



### लगभग 20 हजार सीटें अभी भी रिक्त

अटल यूनिवर्सिटी से संबद्ध 125 कालेजों में प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। इन कालेजों में फर्स्ट ईयर की 33 हजार 750 सीटें हैं, जिनमें से लगभग 20 हजार सीटें अभी रिक्त हैं। कालेजों द्वारा प्रवेश का पोर्टल क्लोज किए जाने के बाद वास्तविक आंकड़ा आएगा, जिसमें प्रवेश लेने वालों की संख्या कुछ और बढ़ने की संभावना है। इन सीटों के लिए कालेजों में पहली मेरिट लिस्ट 2 जुलाई को जारी की गई थी, जिसपर 8 जुलाई तक एडमिशन दिया गया। उसके बाद दूसरी मेरिट लिस्ट 9 जुलाई को निकाली गई, जिसमें 15 जुलाई तक एडमिशन चला। कालेजों द्वारा तीसरी मेरिट लिस्ट 16 जुलाई को निकाली गई थी जिसपर 22 जुलाई तक एडमिशन दिया गया। 23 जुलाई को चौथी मेरिट लिस्ट निकाली जा चुकी है, जिसके अनुसार 30 जुलाई तक एडमिशन दिया जाएगा।

### 65 हजार 900 रजिस्ट्रेशन

फर्स्ट ईयर के लिए अटल यूनिवर्सिटी द्वारा तीन-चार प्रवेश पोर्टल आनलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए ओपन किया गया था। इसमें लगभग 65 हजार 900 रजिस्ट्रेशन फर्स्ट ईयर के विभिन्न पाठयक्रमों के लिए हुए थे। एक-एक स्टूडेंट ने तीन-चार रजिस्ट्रेशन कराया था। इसमें कई स्टूडेंट बीएससी के अलावा बीकाम और बीए में भी फार्म भर दिए थे, जिससे रजिस्ट्रेशन की संख्या स्टूडेंट्स के मुकाबले अधिक हो गई।

### फर्स्ट ईयर में सीटों की संख्या

अटल यूनिवर्सिटी से संबद्ध कालेजों में फर्स्ट ईयर में पाठयक्रमवार जो सीटें निर्धारित हैं, उसमें बीए में 11825, बीकाम में 7545, बीएससी बायोलाजी में 7318, बीएससी गणित में 4427, बीसीए में 1685, बीबीए में 810, बीएससी एचएम में 20, बीकाम एलएलबी में 240, डीसीए में 2170, बीएएलएलबी में 360 सीटें हैं।

**खूंटाघाट बांध लबालब, 23 जुलाई से वेस्ट वियर चालू**

# प्रतिदिन 36 करोड़ लीटर पानी की बर्बादी का 'वेस्ट' वियर, नाले में बह रहा व्यर्थ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खारंग जलाशय खूंटाघाट के कैचमेंट एरिया में लगातार हुई बारिश के प्रभाव से बांध में 23 जुलाई से वेस्ट वियर प्रारंभ है। पिछले दस दिनों से बांध का अतिरिक्त पानी वेस्ट वियर के जरिए नाले में बहाया जा रहा है। 18 सौ क्यूसेक प्रति मिनट की रफ्तार से नाले में व्यर्थ बह रहे पानी की मात्रा का पूरे दिन का हिसाब लगाया जाए तो 36 करोड़ लीटर पानी की प्रतिदिन बर्बादी हो रही है। बारिश का एक महीना अभी शेष है, और इस एक महीने में इतना पानी बर्बाद हो चुका होगा, जितने में छोटे या मझोले आकार का शायद एक और बांध भर जाता।

कैचमेंट एरिया में लगातार हुई बारिश के प्रभाव से खारंग जलाशय खूंटाघाट में समय से पहले ही वेस्ट वियर प्रारंभ हो चुका है। इतना पहले कि अभी बारिश का एक महीना शेष है। बांध में इस साल 23 जुलाई से वेस्ट वियर प्रारंभ है, जिसके अंतर्गत हर रोज 36 करोड़ लीटर पानी नाले में बहाया जा रहा है। इतना ही नहीं, बल्कि अगले एक महीने में जो भी बारिश होगी वो सारा पानी भी वेस्ट वियर के माध्यम से नाले में ही बहाया जाएगा। जिले में पानी की हालत कैसी है यह सर्वविदित है। हर साल मई महीने के आते-आते गांवों के तालाबों में निस्तारी तक के लिए पानी नहीं रह जाता। इस स्थिति से बचने के लिए अभी से जिले में नए बांध व बैराज निर्माण की दिशा में प्रयास करना होगा।



### कल से छोड़ा जाएगा पानी

वेस्ट वियर के माध्यम से नाले में व्यर्थ बहाने के बजाए पानी नहरों से छोड़े जाने का निर्णय लिया गया है। प्रशासन के अनुसार वैसे तो बारिश का मौसम है, जिससे खेती के लिए किसानों को पानी की पूर्ति हो रही है। इसके विपरीत वर्तमान में कुछ गांवों के कुछ किसान ऐसे भी हो सकते हैं, जिनके खेत में पर्याप्त पानी न हो। इस श्रेणी के किसानों को नहर से छोड़ा गया पानी काफी राहत प्रदान करेगा। इससे अंतर्गत बायीं तट नहर में सौ क्यूसेक एवं दाहिनी तटनहर में पचास क्यूसेक पानी प्रति मिनट छोड़ा जाना है।

### नहर में छोड़ेंगे पानी

पानी वेस्ट वियर के माध्यम से व्यर्थ न जाए इसीलिए बांध के गेट खोलकर नहरों में पानी छोड़ने का निर्णय लिया गया है, ताकि जरूरतमंद किसान पानी का उपयोग कर लें, लेकिन यह पानी की बर्बादी रोकने का स्थायी समाधान नहीं है। दूरगामी परिणामों के लिए कुछ नए बांधों के निर्माण की दिशा में विधिवत प्रस्ताव तैयार करने की जरूरत है, जिससे पानी की बर्बादी स्थायी रूप से रोकी जा सके।

**-संजय अग्रवाल,** कलेक्टर

### संचित कर सकते हैं पानी

बांध की सुरक्षा के लिए वेस्ट वियर अति आवश्यक है, लेकिन इस तरह पानी का व्यर्थ बहाव निश्चित रूप से चिंता का विषय है। जल संकट अभी से गहराने लगा है, लेकिन भविष्य में यह विकराल रूप धारण कर लेगा। जो पानी वेस्ट वियर के जरिए नाले में जा रहा है, वह और बांध बनाकर संचित भी किया जा सकता है। शासन के समक्ष प्रस्ताव रखकर इस दिशा में सार्थक प्रयास करना होगा।

**-मधु चंद्रा,** ईई खारंग जल संसाधन संभाग

## सेंट जेवियर्स में अलंकरण समारोह



**बिलासपुर।** सेंट जेवियर्स हाई स्कूल भरनी ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए वार्षिक अलंकरण समारोह 31 जुलाई को आयोजित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि असिस्टेंट कलेक्टर अरविंथकुमारन रहे। नव-चयनित कैबिनेट सदस्य ने शपथ ली। इसमें हेडबॉय- ज्ञानेंद्र सिंह सोनवानी, हेडगर्ल शिफाबारा, डिप्टी हेडबॉय राजायादव, डिप्टी हेडगर्ल श्रद्धा सिंह ठाकुर, स्पोर्ट्स कैप्टन वसुंधरा सारवते, स्पोर्ट्स वाइस कैप्टन चंचल साहू, कल्चरल कैप्टन केशव पटेल, हेड गर्ल्स हॉस्टल- शगुन शर्मा, डिप्टी हेडबॉय हॉस्टल आर्यन साहू, डिप्टी हेडबॉय हॉस्टल हेड गर्ल्स हॉस्टल- वामिका सिंह कल्चरल कैप्टन-आदित्य चंद्रा, कल्चरल वाइस कैप्टन- बलराज खत्री, डिसीप्लिन कैप्टन-समीक्षा देवांगन, डिसीप्लिन वाइस कैप्टन टेसुका श्रद्धा नवरंग, स्पोकन इंग्लिश कैप्टन- श्रेयाजॉन कुंजुन, स्पोकन इंग्लिश वाइस कैप्टन पंसुल वैष्णव, लिट्रेररीक्लब कैप्टन – ज्योति धुर्वे, लिट्रेररी क्लब वाइस कैप्टन आदित्य गायकवाड़, साइंस क्लब कैप्टन –श्रुति सोनी, साइंस क्लब वाइस कैप्टन संजीवनी कौशिक, इन्वायर मेंटल क्लब कैप्टन –प्राची सायं, इन्वायर मेंटल क्लब वाइस कैप्टन -योनिधिराज, आइंस्टीन हाउस कैप्टन चेतना वस्त्राकार, आइंस्टीन हाउस वाइस कैप्टन-प्रिंसजायसवाल, कलाम हाउस कैप्टन- अनमोल मिश्रा, कलाम हाउस वाइस कैप्टन- रितिका भारद्वाज, गैलीलियो हाउस कैप्टन- आयुष राठौर, गैलीलियो हाउस वाइस कैप्टन- दीक्षा शर्मा, न्यूटन हाउस कैप्टन- हर्षडडसेन, न्यूटन हाउस वाइस कैप्टन- दीक्षा साहू ने अपने प्रतिष्ठित झंडे और बैज प्राप्त करते हुए संस्था के सम्मान और गौरव को बनाए रखने का संकल्प लिया। प्राचार्य डॉ बीबी महाता ने बताया कि यह एक ऐसा अवसर है जहां हम अपने छात्रों में नेतृत्व गुणों को पहचानते हैं और उनका सम्मान करते हैं। उन्हें ऐसी ज़िम्मेदारियां उठाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं जो उन्हें एक व्यक्ति के रूप में विकसित होने में मदद करें। दिनेश विष्ट ने धन्यवाद दिया।

## एवीएम के बच्चों ने किया योग



**बिलासपुर।** एवीएम सैनिक स्कूल में 1 अगस्त को विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका संचालन बिहार स्कूल ऑफ योगा के योग शिक्षक स्वामी त्यागराज ने किया। योग शिक्षक ने मस्तिष्क को क्रियाशील बनाने के लिए विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया। जिसमें ध्यान मुद्रा, हृदय मुद्रा, ओम का उच्चारण, सिंह गर्जनासन, एक पाद प्राणासन आदि प्रमुख रहे।

प्रतिभागियों ने पूरी उत्साहपूर्वक इन योग क्रियाओं में भाग लिया और योग के लाभों को गहराई से महसूस किया। योग शिक्षक ने बताया कि नियमित योगाभ्यास से तनाव और मानसिक भटकाव को नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने ध्यान एवं प्राणायाम के अभ्यास से मानसिक एकाग्रता एवं शांति के महत्व को भी समझाया। उन्होंने जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखने के लिए प्रेरित करते हुए - हरिओम , हैव नो होम गीत को बच्चों के सामने प्रस्तुत किया और विद्यार्थियों के साथ लयबद्ध गायन भी किया । उन्होंने विद्यार्थियों को खुश रहने का मूलमंत्र दिया । कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक डॉ . अजय श्रीवास्तव , निदेशक एस के जनास्वामी , प्रधानाचार्या जी आर मधुलिका , शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही । विद्यालय के प्रबंधक डॉ अजय श्रीवास्तव ने कहा कि हर व्यक्ति को हमेशा प्रसन्न रहना चाहिए क्योंकि हमारी प्रसन्नता और सकारात्मक दृष्टिकोण हमारे जीवन में आने वाली कठिनाइयों को आसान बना देती है । विद्यालय के निदेशक एस के जनास्वामी ने विद्यार्थियों से कहा कि प्रसन्नता और सकारात्मकता का सामंजस्य, सभी समस्याओं का सरलतम समाधान है ।

## जीवन में आध्यात्म व जनकल्याण को दें प्राथमिकताः प्रो. चक्रवाल



**बिलासपुर।** गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा 1 अगस्त को फंक्शनल फिटनेस फॉर एवरीडे लाइफ विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। साथ ही जुंबा हॉल का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि कुलपति प्रो आलोक कुमार चक्रवाल ने कहा कि हमें जीवन में आध्यात्म और जनकल्याण के विचार को प्राथमिकता देनी चाहिए। श्री चक्रवाल ने कहा कि खानपान की आदतों में सुधारकर हम निरोग रहने के साथ ही संतुलित जीवनचर्या को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि खानपान का हमारे आचार एवं विचार पर गहरा प्रभाव होता है। ऐसे में हम भी संयमित जीवनचर्या का पालन करते हुए बेहतर आचरण करना चाहिए। रोजमर्रा की जिंदगी में बेहतर स्वास्थ्य बनाए रखना एक चुनौती जरूर है, लेकिन इसे नियमित व्यायाम, स्वस्थ भोजन, तनाव प्रबंधन एवं सामाजिक गतिविधियों में शामिल होकर हासिल करना संभव है। अतिथि वक्ता हेल्थ एंड वेलनेस कंसल्टेंट अमित अग्रवाल ने कहा कि जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलाव लाकर स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सकता है। हम सभी को जीवनशैली के साथ भोजनशैली पर विशेष ध्यान केन्द्रित करने की आवश्यकता है। विवि के कुलसचिव प्रो. ए.एस. रणदिवे ने भी अपने विचार रखे। मंचस्थ अतिथियों में प्रो. रत्नेश सिंह, प्रो. वी.एस. राठौड़ एवं प्रो. भारती अहिरवार थे। इससे पूर्व नन्हें पौधे से अतिथियों का स्वागत किया गया। स्वागत भाषण अनुराग सिंह ने दिया।

## व्यापार समुदाय पूरी मजबूती से भारत सरकार के साथ है : कैट

**बिलासपुर।** व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र गांधी , प्रदेश उपाध्यक्ष राजू सलूजा, बिलासपुर अध्यक्ष किशोर पंजवानी, महामंत्री हीरानंद जयसिंह, कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने बताया कि कैट छत्तीसगढ़ ईकाई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत सरकार को भारत की संप्रभुता, सुरक्षा और आर्थिक हितों की रक्षा के लिए उनके साहसिक और दृढ़ रुख हेतु पूर्ण एवं अटूट समर्थन प्रदान करती हैं। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी ने बताया कि हम सरकार की राष्ट्र और जनता के प्रति अटल प्रतिबद्धता की सराहना करते हैं। हम उन भ्रामक और विभाजनकारी बयानों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हैं जो नागरिकों के मनोबल को कमजोर करते हैं और राष्ट्रीय संस्थाओं पर संदेह पैदा करते हैं। ऐसे वक्तव्य और गतिविधियां न केवल वैश्विक स्तर पर भारत की छवि को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि उन तत्वों को भी प्रोत्साहित करते हैं जो हमारे राष्ट्रीय हितों के विरुद्ध काम कर रहे हैं। श्री पारवानी ने बताया कि भारत का व्यापार और व्यापारी वर्ग प्रधानमंत्री मोदी और सरकार के साथ चट्टान की तरह खड़ा है। सभी राजनीतिक वर्गों से आग्रह करता है कि वे राष्ट्र की सुरक्षा और गौरव के मामलों में दलगत राजनीति से ऊपर उठें। भारत के व्यापारी किसी भी ऐसी ताकत का समर्थन नहीं करेंगे - चाहे वह देश के भीतर हो या बाहर - जो हमारी एकता को कमजोर करे या हमारे विकास को पटरी से उतारे। यह जानकारी कैट के महामंत्री हीरानंद जयसिंह ने दी।

**सीवीआरयू में 113 वीं जयंती पर याद किए गए चौबे वनमाली**

## वनमाली के व्यक्तित्व और कृतित्व से प्राध्यापक प्रेरणा लें: कुलपति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में जगन्नाथ प्रसाद चौबे वनमाली की 113 जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उनके व्यक्तित्व कृतित्व पर चर्चा की गई। विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों, हिंदी के शोधार्थियों, विद्यार्थियों ने उनके जीवन पर केंद्रित विषयों को सबके सामने रखा। बिलासपुर में उनके बीते दिनों को याद किया गया।

यह आयोजन वनमाली सृजन पीठ, वनमाली केंद्र एवं भाषा एवं साहित्य विभाग की ओर से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विवि के कुलपति प्रो प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि वनमाली ने कला और साहित्य को नए आयाम में स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक, एक प्राचार्य का अपने मूल शिक्षण काम के साथ साहित्य में इतना समर्पण और राष्ट्रपति पुरस्कार तक सम्मानित होना उनके साहित्य के प्रति गहरी सोच को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि हमारे विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों को उनके जीवन से प्रेरणा लेना चाहिए। उनकी कहानियों से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए।

उन्होंने राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान परिषद् की समिति के सदस्य के रूप में भी शिक्षा के क्षेत्र में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि 1962 में डॉ. राधाकृष्णन द्वारा उन्हें राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वनमाली का योगदान हिंदी साहित्य के साथ-साथ शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण था। उनकी कथाएं आज भी हमें उनके महत्वपूर्ण योगदान का स्मरण कराती हैं।




### सामाजिक दायित्व भी अति संवेदनशीलता से निभाते थे

इस अवसर पर विवि के कुलसचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि वनमाली साहित्य साधना के साथ-साथ सामाजिक दायित्व भी अति संवेदनशीलता से निभाते थे। उनका हिंदी के प्रति समर्पण इस बात का प्रमाण है कि आज हम विश्वरंग के माध्यम से हिंदी को वैश्विक स्तर तक स्थापित कर रहे हैं। डॉ तिवारी ने वनमाली के अनेक अनछुए पहलुओं को सभी से साजा भी किया। उन्होंने कहा कि वनमाली के लेखन का अध्ययन करने के लिए उनकी कई पुस्तकें उपलब्ध हैं, जो उनके महत्वपूर्ण साहित्यिक योगदान को दर्शाती हैं। आचार्य जगन्नाथ प्रसाद चौबे 'वनमाली' ने अपने जीवन के दौरान हिंदी साहित्य को नए ऊँचाइयों तक पहुँचाया और अद्वितीय साहित्यकार के रूप में अपनी छाप छोड़ी।



# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शनिवार 2 अगस्त 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




पहल

## भारतीय सेना के लिए विद्यार्थियों ने अपने हाथों से बनाई राखी



**बिलासपुर।** भारतीय सेना के लिए बच्चों के द्वारा रक्षासूत्र हाथ से बनाकर देश के जावानों को एसपी रजनेश सिंह के माध्यम से भेजवाया, ऐसे नेक कार्य करने के लिए सभी बच्चों एवं सिपाही रक्षा सूत्र की टीम को पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने बधाई दी और सेना के जवानों को हमेशा विजय रहने शुभकामनाएं दी। सिपाही रक्षा-सूत्र संकलनकर्ता डॉ .पूनम सिंह,जय कौशिक ,अजय सूर्यवंशी लिली सिंह ठाकुर,योगेश करंजगांवकर इस रक्षासूत्र के बनाने के कार्य का सहयोग रहा।

आयोजन

## मुंशी प्रेमचंद की कहानी, उपन्यास निबंध, नाटक के साहित्य पर चर्चा



**बिलासपुर।** राजभाषा विभाग दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा हिंदी साहित्य के कथा सम्राट एवं उपन्यासकार मुंशी प्रेमचंद की 145वीं जयंती का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य राजभाषा अधिकारी शिवशंकर लकड़ा उपस्थित रहे। इन्होंने साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी कहानी, उपन्यास, निबंध एवं नाटक के क्षेत्र में उत्कृष्ट सहित्य पर उपस्थित प्रतिभागियों द्वारा चर्चा की गई। इन्होंने बताया की मुंशी प्रेमचंद द्वारा रचित बड़े घर की बेटी, नमक का दरोगा, सत्याग्रह, कफन, शतरंज के खिलाडी, पंच परमेश्वर, बूढ़ी काकी, ईदगाह, पूस की रात, सवा सेर गेहूँ आदि रचनाओं पर भी संक्षिप्त चर्चा की गई। इसके पश्चात आयोजित हिंदी कार्यशाला में राजभाषा विभाग के वरिष्ठ अनुवादक पीताम्बर लाल जाटवर ने कहा कि हाल ही में रेलवे बोर्ड द्वारा तिमाही प्रगति रिपोर्ट के प्रोफार्मा में संशोधन किया गया है, जिसके विभिन्न मदों के आधार पर नई मासिक प्रगति रिपोर्ट तैयार की जाएगी। उन्होंने पावर प्वाईंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से मासिक प्रगति रिपोर्ट तैयार करने वाले राजभाषा नोडल कर्मचारियों को राजभाषा का कार्य देखने वाले कर्मचारियों को जानकारी दी।

स्पर्धा

## जिला स्तरीय रिबन क्विज में नम्रता व राधा प्रथम



**बिलासपुर।** जिला स्तरीय रेड रिबन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन शहीद अविनाश शर्मा कन्या उत्तर माध्यमिक विद्यालय सरकंडा में हु। इस प्रतियोगिता में जिले के 23 स्कूल शामिल हुए, प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर एक रेलवे उत्तर माध्यमिक विद्यालय की नम्रता गुप्ता और राधा श्रुति ने प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर सेजस तारबहार स्कूल की बुशरा खान और लावण्या उईके ने प्राप्त किया, तीसरे स्थान पर सेजस सकरी उत्तर माध्यमिक विद्यालय कि गीतिका कौशिक और जैक रात्रे रहे। पुरस्कार वितरण के अवसर पर स्वागत उद्बोधन डॉक्टर गायत्री तिवारी ने दिया कार्यक्रम के संयोजक ने डॉक्टर मनोज सिन्हा ने प्रश्न मंच कार्यक्रम की उपयोगिता को रेखांकित किया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्य राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी डॉ नीता बाजपेयी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। राज्य एड्स नियंत्रण समिति के उपसंचालक नीतू मंडावी उपस्थित थी।

जागरूकता

## यातायात संदेशों के नारों के साथ पाठशाला लगाकर किया जागरूक



**बिलासपुर।** पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में चेतना- छात्र सरदार संतोष सिंह मेमोरियल स्कूल सिरगिट्टी में कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे एवं स्कूल के संचालक चरणजीत सिंह खनूजा के उपस्थिति में प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में एएसपी रामगोपाल करियारे ने कहा कि छात्र- छात्राएं यातायात पुलिस के संवाहक रूप में नागरिक समुदाय के सभी वर्गों को प्रभावित करते है, क्योंकि बच्चों के द्वारा अपने माता पिता, अभिभावकों, पालकों एवं रिस्तेदारों को सहज रूप में स्कूल के माध्यम से दी गयी जानकारियों को कठोरता से पालन करने की जिद की जाती है। छात्र-छात्राएं अपने माता-पिता अभिभावकों के सापेक्ष आधुनिक तकनीकी शिक्षाओं के कारण प्रत्येक नवीनता से अद्यतन होते हैं अतः इन्हें किसी भी क्षेत्र में हुए नवीनता के प्रति सहजतापूर्वक अनुकूल होने में आसानी होती है।

# राम भरत मिलन संवाद भारतीय कुटुंब व्यवस्था का आधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



स्वामी परमात्मानंद गिरी ने रामकथा का श्रद्धालुओं को कराया रसपान



स्व. गोविन्दराम सचदेव सिंधु भवन तोरवा में स्वामी परमात्मानंद गिरी ने रामकथा का श्रद्धालुओं को रसपान कराया।

उन्होंने बताया कि राम भरत मिलन का संवाद भारतीय कुटुंब व्यवस्था का आधार है। इस प्रसंग पर उन्होंने कहा कि राम के विरह में राजा दशरथ देह त्याग देते हैं, भरत को संदेश देकर बुलाया जाता है, भरत को केकई बताती हैं कि आप को राजा बना दिया है, परन्तु राजा दशरथ राम के विरह में देह त्याग दिया है। सभी घटनाक्रम की जानकारी मिलने पर वे माता केकई पर अत्यधिक क्रोधित होते हैं। अम्बा माता कौशल्या भरत से कहती हैं कि सूर्य शीतल हो सकता है, चंद्रमा तप सकता है, रेत से तेल निकल सकता है पर सभी को ज्ञात है के भरत राम के विपरीत हो ही नहीं सकते। दिवंगत राजा के अंतिम संस्कार के बाद भरत राजगद्दी पर बैठाने का प्रयास किया जाता है, परन्तु वे मना कर देते हैं। वे राजधर्म भी दिखाते है,बोलते है राजा द्वारा यह निर्णय सभी मंत्रिमंडल को बिना सूचना और सहमति के लिया गया है जो राजधर्म नहीं है। अगले दिन वे राम जी को लेने के लिए वन को प्रस्थान करते हैं । भरत अपने आप को दोषी मानते हैं। चित्रकूट में भरत राम का अनुकूल मिलन होता है। भरत द्वारा आग्रह किया जाता है कि राम अयोध्या चल कर राजपाठ संभालें। केकई बोलती है मैं वचन वापस लेती हूँ, इस पर राम जी बोलते हैं अगर पिताजी होते तो ये ठीक होता। केकई के अधिक प्रयास पर राम बोलते हैं यह तन तो चला जाएगा परंतु प्राण यहीं रह जाएगा, इस पर केकई मौन हो जाती हैं। अंतत राम जी बोलते हैं भरत आप चौदह वर्ष अयोध्या का राजपाठ संभालिए। भरत नंदीग्राम में आकर अयोध्या का राजपाठ संभालते हैं । भरत का चरित्र हमें भक्ति और प्रेम सिखाता है। स्वामीजी ने बताया कि अयोध्या कांड यहाँ समाप्त होता है, अरण्य काण्ड आरम्भ होता है। इंद्र के पुत्र जयंत द्वारा कौवा बनकर सीता माता का अपराध करने पर राम द्वारा दण्ड दिया जाता है। स्त्री पर किया हुआ अपराध अक्षम्य होता है।

इस दौरान विशिष्ट अतिथियो में विधायक बिल्हा धर्मलाल कौशिक,शिनू राव पार्षद, दिनेश देवांगन पार्षद, नानक खटूजा, अमर बजाज, मनीष लाहोरनी, मिलन महिला समिति, तोरवा सिंधी पंचायत महिला समिति सदस्य ने कथा लाभ लिया ।

# सावन उत्सव में नृत्य व रैम्प वॉक



**बिलासपुर।** श्री शिवम शॉपिंग मॉल में चल रहे सावन उत्सव में सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन कर अतिथियों ने कार्यक्रम की शुरूआत की। मुख्य अतिथि एवं निर्णायक आरती पाण्डेय, अनिता गुहा, जानकी थवाईत और एडप्रयास की डायरेक्टर ममता पाण्डेय ने गणेश वंदना कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

गुलदस्ता और मुस्कान फाउण्डेशन के संयुक्त आयोजन में सभी महिलाओं को कुमकुम लगाकर और मौली धागा बांधकर स्वागत किया गया। एंकर ईशान ने सर्वप्रथम शिवांगी शुक्ला को लहरियों घुम में डांस के लिए आमंत्रित किया। गीता ने चुड़ी खनकेगी, बिंदिया चमकेगी में बहेतरीन प्रस्तुति दी। संगीता ने कारे-कारे बदरा में रेणु गौतम ने रंगीलो सावन नंदनी राठी ने हाय हाय ये मजबूरी लवली ने सावन में मोरनी बनके नाचू जैसे संगीत में जमकर नृत्य किया। ललिता कश्यप ने पालकी में होके सवार चली रे,संगीता झा ने किसी ने मेरे श्याम को देखा में अपनी अपनी प्रस्तुति दी। उषा अग्रहरी ने स्वरचित कविता, सुनीता, प्रियंका श्रीवास्तव ने अबके बरस पुनम पावड़कर ने स्वरचित कविता, सुनिता विश्वकर्मा ने ओ कान्हा अब तो मुरली सुना दे गीत की प्रस्तुति दी। सभी महिलाओं ने मिलकर रैम्प वॉक किया और डांस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिवांगी शुक्ला, गायन में प्रथम स्थान कविता भट्ट रही।



### सावन उत्सव में महिलाओं ने पारंपरिक व्यंजन बनाए

मंगला अभिषेक विहार फेस टू की महिलाओं ने सावन उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया, इस उत्सव में महिलाओं ने अपनी छत्तीसगढ़ी संस्कृति और परंपरा को बखूबी दर्शाया। उत्सव का आरंभ कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता से हुआ, जिसमें महिलाओं ने खूब जोश दिखाया। छत्तीसगढ़ी व्यंजन प्रतियोगिता में फरा, चीला, गुलगुला जैसे अनेक पारंपरिक व्यंजन बनाएं, जिसने सभी का मन मोह लिया। आयोजन में प्रमिला त्रिपाठी, कल्याणी शर्मा, ममता यादव, रिंकी शर्मा, पूजा यादव, मंजू ध्रुव, पिंकी रौतेल, मंजुषा तांबे, गुड़िया उपाध्याय, गौरी मरकाम, मोनी यादव, वंदना गुप्ता, मोंटी शर्मा सहित कई अन्य महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही।

# बगिया संवारने लगे लोग, बढ़ी पौधों की डिमांड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पर्यावरण सरंक्षित करने और आसपास के क्षेत्र को हमेशा हरा-भरा रखने मानसून से उपयुक्त मौसम और कोई नहीं हो सकता, इसका ध्यान रखते हुए पर्यावरण प्रेमी और गार्डनिंग का शौक रखने वाले इन दिनों अलग-अलग प्रजातियों के पौधे लगाकर हरियाली कर रहे हैं।

शहर की नर्सरी में बड़ी संख्या में फलदार, छायादार व फूलों के पौधे लोग खरीद रहे हैं, इनका उद्देश्य पर्यावरण का संवर्धन करना तो है ही इसके साथ ही वे प्राकृतिक हरियाली के भी करीब रहना चाहते हैं। पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए पेड़-पौधे जरुरी होते हैं, पेड़-पौधों से हमें स्वच्छ जलवायु मिलती हैं। पर्यावरण में पौधों के महत्व को जानते हुए ही इन दिनों नर्सरी से लोग पौधों की खरीद कर रहे हैं। पौधशाला में उपलब्ध विभिन्न वेरायटियों के पौधों की ज्यादा डिमांड बनी हुई है। लोग फल एवं फूलदार पौधों की ज्यादा खरीद कर रहे हैं, जिनकी कीमत 20 से लेकर 100 रुपए तक हैं। नर्सरी के संचालक रामबाबू ने बताया कि नर्सरी में विभिन्न किस्मों के पौधे उपलब्ध कराए जा रहे हैं। नर्सरी संचालकों की माने तो छाया दार पौधों में त्रिवेणी, नीम, पीपल, बरगद, अशोका, शीशम के अलावा फलदार पौधों में अमरूद, आम, केला, नींबू, जामुन, शहतूत, चीकू आदि पौधों की मांग लगातार बढ़ रही है। इनके अलावा मौसमी सब्जियों, फूलदार पौधों में गुलाब, कमल, गेंदा, सूरजमुखी आदि अनेक पौधों की मांग है। इनसे अलग महामारी के दौर के बाद आक्सीजन देने वाले पौधों के अलावा स्नैक प्लांट आदि की भी मांग खूब हो रही है।

### फलदार, छायादार व फूल के पौधों की मांग अधिक



### क्लोरीन मुक्त जल व नाइट्रोजन की मात्रा अच्छी होती है

पौधे लगाने का सबसे अच्छा मौसम बरसात का ही होता है। वैसे तो, आप पूरे साल ही पौधे लगा सकते हैं, लेकिन इस मौसम में पौधों को पनपने में देर नहीं लगती और तापमान न तो ज्यादा गर्म होता है न ठंडा, जिससे उन्हें उगने के लिए एक सही तापमान मिलता है। इसकी एक वजह यह भी है कि बारिश का पानी पौधों के लिए कई तरह से फायदेमंद होता है। सबसे पहले तो ये क्लोरीन मुक्त शुद्ध जल होता है, जिसमें नाइट्रोजन की अच्छी मात्रा पाई जाती है, जो पौधों को पोषण देने और बेहतर विकास में मदद करता है।



### खूबसूरत फूलों से महकेगा गार्डन

स्टीविया प्लांट एक औषधीय प्लांट है, जिसकी पत्तियों का उपयोग डाइबिटीज को कम करने, हड्डियों को मजबूत बनाने, स्किन और किडनी संबंधित बीमारियों को नियंत्रित करने में किया जाता है। इस पौधे को उगाने में मेहनत नहीं लगती और ये मॉनसून में सड़ते भी नहीं हैं। लाल, पीला, सफेद और गुलाबी रंगों में खिलने वाले चम्पा के फूल अपने खूबसूरत रंगों से बागीचे की खूबसूरती को बढ़ाते हैं। इन्हें उगाने में ज्यादा मशक्कत नहीं करनी पड़ती और ये बारिश से सड़ते भी नहीं हैं। चमेली के फूल में रोजाना पानी की आवश्यकता वाले चमेली के फूल घर में बहुत सुंदर लगते हैं। इसके पौधे अत्यधिक बारिश से नहीं सड़ते, लेकिन पानी की निकासी यानी पानी निकलने की अच्छी व्यवस्था जरूर होनी चाहिए। इसके साथ ही मनी प्लांट,पुदीना,गुड़हल व बालसम जैसे फूल इस मौसम में घरों को महंकाएंगे।

स्पोर्ट्स न्यूज

18 राज्यों के 250 खिलाड़ी होंगे शामिल

# राष्ट्रीय पॉवरलिफ्टिंग प्रतियोगिता का शानदार आगाज




**बिलासपुर।** पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन एवं सीनियर पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप सब- जूनियर, जूनियर, सीनियर, मास्टर महिला एवं पुरुष की स्पर्धा का आयोजन 3 अगस्त तक मंगला चौक स्थित नर्मदा नगर सामुदायिक भवन में चलेगा जिसकी भव्य शुरूआत हुई है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री गुरु तेग बहादुर शिक्षण समिति के अध्यक्ष अजीत भोगल सिंह, एस्ट्रोलॉजिस्ट वस्तुविद धर्मेंद्र परमार, पूर्व महामंत्री अमित चतुर्वेदी, रायगढ़ के श्रमिक नेता गणपत चौहान, महा सचिव उदल वाल्मीकि, सचिव अक्षय साहू,यूनाइटेड पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन इंडिया के महासचिव श्रीबास गोस्वामी, अध्यक्ष इशान रंजन बैनर्जी उपस्थित थे। स्पर्धा में लगभग 18 राज्यों के 250 खिलाड़ी भाग लेने आए हैं, इस प्रतियोगिता के लिए 50 से अधिक रेफरी,जुरी कोच एवं मैनेजर के निगरानी में आयोजित किया जा रहा है। इस बार नेशनल पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप के मेजबानी की जिम्मेदारी बिलासपुर जिले को मिली है,यह चैंपियनशिप वर्ल्ड सिलेक्शन के लिए भी बेहद अहम है जो इस वर्ष के अंत में भारत में ही आयोजित किया जाना तय किया गया है। खिलाड़ियों के पुरुष वर्ग के कोच के रूप में उत्तम कुमार साहू एवं महिला कोच के लिए मेघा भगत को नियुक्त किया गया है। अजीत सिंह भोगल ने कहा कि व्यक्ति के समग्र विकास एवं स्वस्थ्य जीवन में खेल का खास महत्व है।



### राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता में शामिल होने टीम रवाना

जूनियर राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता अहमदाबाद में शामिल होने बिलासपुर कारपोरेशन तैराकी संघ के 5 खिलाड़ी शुक्रवार को रवाना हुए। तैराकी संघ के सचिव हेमंत सिंह परिहार ने बताया कि जूनियर राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन 3 असे 7 अगस्त तक अहमदाबाद में आयोजित है। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ तैराकी दल भाग ले रहे है, जिसमें बिलासपुर कॉरपोरेशन तैराकी संघ के 5 खिलाड़ी आरव शर्मा, अर्पित धारा, सत्यम पांडे, शिवांगिनी पांडे और रुचिता नायडू छत्तीसगढ़ तैराकी दल में शामिल है। इन बच्चों के चयन होने पर अमरनाथ सिंह, सुशील मिश्रा, बद्री प्रसाद गुर्जर, सतीश सिंह ठाकुर, हेमंत सिंह परिहार, पी जी जय किशन शंकर पांडे, संतोष पाल, बीएस यादव, विनय सिंह, टी रमेश बाबू, दिनेश सिंह ठाकुर ने शुभकामनाएं दी।

## खबर संक्षेप

### भाजपा ग्रामीण जिला महामंत्री बने मनहर




**मल्हार।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय व जिला बिलासपुर ग्रामीण के अध्यक्ष मोहित जायसवाल के अनुमोदन के बाद जिला पदाधिकारियों की घोषणा की गई। लंबे इंतजार के बाद जारी सूची देखकर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। जारी सूची में मस्तुरी विधानसभा के नेता एस कुमार मनहर को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देते हुए भाजपा ने जिला महामंत्री का दायित्व सौपा हैं। एस कुमार मनहर मस्तूरी विधानसभा में भाजपा के जमीनी स्तर के नेता के रुप जाने जाते हैं, वे पार्टी मे बूथ अध्यक्ष, शक्ति केन्द्र संयोजक, मंडल महामंत्री, जिला मंत्री जैसे विभिन्न दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। इसी क्रम में मल्हार मंडल के निवर्तमान मंडल अध्यक्ष राजकुमार साहू व भाजपा नेत्री सरोजनी भारद्वाज को जिला मंत्री दायित्व सौंपा गया है।

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए राशि व नमन का चयन




**मस्तूरी।** विगत दिनों संभाग स्तरीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें 14 वर्ष बालक वर्ग में नमन यादव तथा 17 वर्ष बालिका वर्ग में राशी यादव का चयन राज्य स्तरीय लॉन टेनिस शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए हुआ। राशी यादव पूरे संभाग में सबसे कम उम्र की जंप रोप की राज्य स्तरीय खिलाड़ी रहीं। अब शासन ने जंप रोप खेल को कैलेंडर में शामिल नहीं किया है, इसलिए उन्होंने अपना ट्रैक बदलते हुए लॉन टेनिस को चुना और अपने पहले ही प्रयास में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु चयनित हुईं। साथ ही अपने छोटे भाई नमन को भी मोटिवेट करते हुए खेल से जोड़ा और वह भी राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता लॉन टेनिस के लिए चयनित होकर सबसे कम उम्र का खिलाड़ी होने का गौरव प्राप्त करने जा रहा है। राशी और नमन यादव के पिता संजय कुमार यादव पेशे से स्पोर्ट्स टीचर हैं और वे अपने बच्चों के साथ अन्य सभी बच्चों को खेल के प्रति प्रेरित करते रहते हैं। वर्तमान में वे राष्ट्रीय कोच कबड्डी व विकासखंड क्रीडा प्रभारी अकलतरा के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। राशी और नमन यादव ने राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता लॉन टेनिस में चयनित होकर अपने घर परिवार के साथ गांव व जिले को गौरवान्वित किया है।

### कन्या उमा विद्यालय में पौधरोपण लिया संरक्षण का संकल्प



**करगीरोड कोटा।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य आशा दत्ता के मार्गदर्शन में वन विभाग के सहयोग से पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नपं अध्यक्ष सरोज दुर्गेश साहू, शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष सुलेश पांडेय एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत शाला प्रांगण में पौधों का रोपण किया गया। प्राचार्य आशा दत्ता ने सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं पौधे भेंट कर किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी निर्मला बंजारे एवं स्वयंसेवी छात्राओं का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता डॉ आरबी गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में आशा दत्ता प्राचार्य, डॉ रामबाबू गुप्ता, एसके साहू, रमेश सिंह, निर्मला बंजारे, मनोज श्रीवास, रक्षा दुबे, मनोजिनी भानु, रंजना चौहान, दिलीप मिश्रा, मनोज यादव, अजीत गेरा, श्वेता स्वर्णकार, पंकज गंधर्व, प्रसन्ना पाण्डेय, मीना नेताम, गौरी शंकर साहू, शारदा मिश्रा, अजीत यादव, रामकुमारी यादव, मोहनमती, लक्ष्मी यादव आदि उपस्थित रहे।

### शिविर में 88 हितग्राहियों ने कराया पंजीयन



**पथरिया।** नगर पंचायत एवं जिला श्रम विभाग मुंगेली की ओर से दो दिवसीय श्रमिक पंजीयन शिविर का आयोजन नपं पथरिया में किया गया, जिसमें नगर के 88 हितग्राहियों ने अपना पंजीयन कराया। श्रम निरीक्षक अंजू साहू ने बताया कि महतारी जतन योजना के तहत प्रथम, द्वितीय प्रसव पर 20 हजार की राशि दी जाएगी, लेकिन जिनका पंजीयन 1 साल पूर्व से होगा उन्हें ही इस योजना का लाभ मिलेगा। शिविर मे नगर पंचायत अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव ने कहा कि राज्य की विष्णुदेव साय सरकार आम लोगों को लाभ दिलाने का प्रयास कर रही है। शिविर में उपाध्यक्ष मनोज पांडेय सभापति रामबघेल, मेला राम डनसेना, इंद्रजीत यादव, मोनिका ओमू दिवान, रविन्द्र बघेल, अमित बंजारे के साथ नगरवासी एंव श्रम विभाग के लोग उपस्थित रहे।

## डिप्टी सीएम ने किया व्यवहार न्यायालय भवन का लोकार्पण

# लोरमी की न्यायिक प्रणाली को मिलेगी एक नई दिशाः साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोरमी

■ क्षेत्र के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल उपमुख्यमंत्री

क्षेत्र के विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने लोरमी स्थित व्यवहार न्यायालय परिसर में अधोसंरचना मद से स्वीकृत 19 लाख 72 हजार रुपए की लागत से प्रथम चरण में निर्मित सामुदायिक भवन के नवीनीकरण का विधिवत लोकार्पण किया।

मंत्रोच्चार, पूजा-अर्चना और रिबन काटकर उन्होंने इस भवन को जनता को समर्पित किया। यह भवन न्यायिक कार्यों के सुचारू संचालन एवं अधिवक्ताओं की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। लोकार्पण कार्यक्रम में स्थानीय वकील संघ के सदस्यों ने उपमुख्यमंत्री के समक्ष कई महत्वपूर्ण मांगें भी रखीं, जिनमें लाइब्रेरी की स्थापना, ग्रुप इंश्योरेंस योजना का विस्तार, राजस्व प्रकरणों की शीघ्र सुनवाई तथा अन्य सुविधाओं की आवश्यकता प्रमुख रही।

### अधूरे काम जल्द होंगे पूर्ण

श्री साव ने जानकारी दी कि प्रथम चरण का सामुदायिक भवन लोकार्पण के लिए तैयार है, जबकि शेष कार्य प्रगति पर हैं। निर्माणाधीन भाग को शीघ्र ही पूर्ण कर सभी सुविधाओं को क्रियाशील कर दिया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि न्यायालय परिसर को आधुनिक एवं सुविधाजनक बनाने के लिए राज्य सरकार हर संभव प्रयास करेगी।



शुक्रवार को लोरमी में व्यवहार न्यायालय भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल डिप्टी सीएम अरुण साव।

**उपमुख्यमंत्री ने वकीलों की समस्याओं को माना जायजः** उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि न्यायिक व्यवस्था को सुदृढ़ और प्रभावी बनाने के लिए अधिवक्ताओं को बेहतर सुविधाएं मिलनी ही चाहिए। उन्होंने कहा कि, न्यायालय परिसर में पीने के स्वच्छ पानी, बैठने की समुचित व्यवस्था, पुस्तकालय जैसे मूलभूत सुविधाएं बेहद जरूरी हैं और इनकी पूर्ति को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि, मैं आप सबके आशीर्वाद से लोरमी का विधायक और राज्य का उपमुख्यमंत्री बना हूं। इसका उद्देश्य केवल सत्ता में रहना नहीं, बल्कि जनहित में कार्य करना है। लोरमी शहर ही नहीं, बल्कि ग्रामीण अंचलों में भी सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है।

### अधिवक्ताओं के हित में निरंतर काम

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जो भी कार्य वकीलों के हित में आवश्यक होंगे, उन्हें चरणबद्ध रूप से पूरा किया जाएगा। न्यायालय परिसर को केवल एक भवन नहीं, बल्कि न्याय की प्रतिष्ठा का केंद्र बनाया जाएगा। उन्होंने आशा जताई कि यह भवन लोरमी की न्यायिक प्रणाली को एक नई दिशा देगा और लोगों को समयबद्ध न्याय प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगा। लोरमी न्यायालय परिसर के पहले चरण के भवन का लोकार्पण हो गया है, अन्य निर्माण कार्य तेजी से जारी हैं।

### दीक्षारंभ समारोह में हुए शामिल

क्षेत्रीय विधायक एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय में आयोजित दीक्षारंभ एवं पौधरोपण कार्यक्रम में शिरकत की, इसके बाद वे गुरुद्वारा भवन में रक्तदान शिविर में शामिल हुए। अंत में श्री साव ने शिवघाट में शिवलिंग की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र के खुशहाली की कामना की। श्री साव सबसे पहले राजीव गांधी महाविद्यालय पहुंचे, जहां प्राचार्य एमके धुर्वे ने उनका स्वागत करते हुए उन्हें संस्थान की उपलब्धियों से अवगत कराया।

### पौधरोपण कर की विभिन्न घोषणाएं

कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री साव ने महाविद्यालय परिसर में आम का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल औपचारिकता नहीं बल्कि हमारी भावी पीढ़ियों के प्रति एक जिम्मेदारी है। उन्होंने ग्लोबल वार्मिंग और जल संरक्षण के प्रति युवाओं को जागरूक करते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। इस अवसर पर श्री साव ने कॉलेज की मांगों को सकारात्मकता के साथ स्वीकार करते हुए आवश्यक घोषणाएं कीं, जिनमें 15 नग ग्रीन बोर्ड, परिसर में बाउंड्रीवाल, चेकर पत्थर, 2 सेट सोलर हाइमास्ट और सांस्कृतिक मंच निर्माण आदि शामिल है। इस अवसर पर उन्हें महाविद्यालय की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

### रक्तदान शिविर में हुए शामिल

उपमुख्यमंत्री साव गुरुद्वारा सभागार में श्रीराम सेवा समिति की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर में भी शामिल हुए। शिविर में 51 लोगों ने रक्तदान किया। इसके बाद श्री साव शिवघाट पहुंचे, जहां शिवलिंग की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में महंत विवेक गिरी, निजानन्द, कोमल गिरी, धनीराम, जनपद अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह, विनय साहू, नप पूर्व अध्यक्ष अंजना दास, गुरमीत सलूजा, रवि शर्मा, अशोक जायसवाल, विश्वास दुबे, उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, महेंद्र खत्री, प्रदीप मिश्रा, दिनेश साहू, दिनेश कश्यप, सुशील यादव, महाजन जायसवाल, निरंजन अग्रवाल, राजेन्द्र साहू, विकास केशरवानी, सोहन डड़सेना, घंशु राजपूत, नरेंद्र खत्री, घनश्याम यादव, मुकेश सापरिया, दिनेश कश्यप, मुकुल तिवारी, नरोत्तम राजपूत, आलोक शिवहरे, अनिल सलूजा, मुकेश जायसवाल, कमलेश श्रीवास, रेखा ठाकुर सहित एसडीएम अजीत पुजारी, बीएमओ डॉ जीएस दाऊ, गिरीश कुर्रे एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्राचार्य, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## तोखन के प्रयासों से एटीआर का गेट खोलने की मिली मंजूरी



**लोरमी।** केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के सतत प्रयासों को बड़ी सफलता मिली है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने अचानकमार टाइगर रिजर्व का गेट मुंगेली जिले के लोरमी तहसील से खोले जाने के प्रस्ताव पर आवश्यक दिशा-निर्देश राज्य सरकार को जारी कर दिए हैं। यह प्रस्ताव तोखन साहू की ओर से 3 जुलाई को पर्यावरण मंत्रालय को भेजा गया था।

अपने पत्र में उन्होंने इस विषय पर गहरी संवेदनशीलता और दूरदर्शिता का परिचय देते हुए लोरमी अंचल की जनता की वर्षों पुरानी मांग को प्रमुखता से रखा। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि इस गेट के खुलने से स्थानीय पर्यटन को बल मिलेगा, युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे और क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी। पर्यावरण मंत्री श्री यादव ने अपने उत्तर में बताया कि यह कार्यवाही राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण की 2012 की टाइगर रिजर्व में पर्यटन हेतु मार्गदर्शिका और बाघ संरक्षण योजना के तहत की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार को इस संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। गौरतलब है कि एटीआर का मुख्य कार्यालय भी तोखन साहू के विधायिकी कार्यकाल के दौरान उनके सतत प्रयास से खुला था। अब लोरमी क्षेत्र के आलवा मुंगेली, कवर्धा, बेमेतरा के पर्यटकों को को सीधा लोरमी के नजदीक एटीआर में प्रवेश मिलेगा।

## पांडेय स्कूल में शाला संसद का गठन



**तखतपुर।** पीएमश्री जनकलाल मोतीलाल पाण्डेय बालक उमा शाला सेजेज हिन्दी माध्यम का सत्र 2025-26 हेतु शाला संसद का निर्वाचन हुआ। इसमें कक्षा 12वीं के तरुण धुरी को शाला नायक, कक्षा 11वीं के सागर बुनकर को उप शाला नायक, कक्षा 12वीं के महंत दास को सचिव, 10वीं के आयुष बरामते को उपसचिव, 11वीं के गगन पटेल को क्रीड़ा सचिव एवं 9वीं के लोकेश्वर मरकाम को उप क्रीड़ा सचिव बनाया गया। इसी तरह 12वीं के शिवम पटेल विज्ञान सचिव, 11वीं के हरीश प्रजापति उप विज्ञान सचिव, 12वीं के देवेंद्र ठाकुर अनुशासन सचिव, 9वीं के मयंक यादव उप अनुशासन सचिव, 12वीं की श्रद्धा कश्यप सांस्कृतिक सचिव एवं 11वीं की शैली लाल उप सांस्कृतिक सचिव निर्वाचित हुई। इस मौके पर प्रभारी प्राचार्य श्रीकान्त मिश्र ने कहा कि लोकतंत्र का प्रथम परिचय छात्र विद्यालयीन छात्रसंघ की गतिविधियों से ही सीखते हैं। यहां बच्चे सहभागिता, सहयोग, अनुशासन एवं सहिष्णुता जैसे गुणों से विद्यालयीन समस्याओं का समाधान लोकतांत्रिक विधि से करने की कला सीखते हैं। इस अवसर पर निर्वाचन अधिकारी, प्रभारी छात्र संघ व्याख्याता श्रीकान्त मिश्र, संजय ठाकुर, सोनिया सोनी, विनोद जायसवाल, आरती त्रिपाठी, अनिता सिंह, रोहित चलपे नवेंदु ठाकुर आदि मौजूद रहे

## अन्नपूर्णा मुहिम के तहत की गई बुजुर्ग महिला की सहायता



**मुंगेली।** ग्राम किरना निवासी प्रीतम पटेल उम्र 67 वर्ष को भोजन, वस्त्र और बिस्तर जैसी बुनियादी सहायता प्रदान की गई। संत रामपाल महाराज द्वारा संचालित 'अन्नपूर्णा मुहिम' के अंतर्गत मानवता की सेवा के अंतर्गत यह सहायता की गई। रोटी, कपड़ा, शिक्षा और मकान सबको देगा कबीर भगवान" इस संकल्प के तहत प्रीतम पटेल की दयनीय स्थिति को देखते हुए उनकी सहायता की गई। वे दोनों आंखों से देखने में असमर्थ हैं, आय का कोई साधन नहीं है और न ही परिवार में कोई सहारा। सरकारी योजनाओं से वंचित यह बुजुर्ग वर्षों से दूसरों की दया पर निर्भर जीवन जी रहा था। न जमीन है, न बैंक बैलेंस, न ही कोई पशुधन। जीवन की हर जरूरत उसके लिए संघर्ष बन चुकी थी। इस मानवीय संकट को समझते हुए अन्नपूर्णा मुहिम के अंतर्गत उसे पर्याप्त राशन, आरामदायक चारपाई और आवश्यक वस्त्र प्रदान किए गए। यह कदम न केवल तत्काल राहत देने वाला है, बल्कि जीवन को गरिमामय बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास भी है। सेवा कार्य में प्रमुख रूप से तरुण दास भास्कर, मुरली गबेल, विश्वनाथ साहू, अकास भास्कर, भागवत साहू, बेदराम साहू, दुजराम साहू, राकेश गबेल सहित अन्य सेवादार उपस्थित रहे।

## धर्मजीत ने विभिन्न समाज के लोगों के साथ किया पौधरोपण

■ मां हमें जीवन देती है और प्रकृति उसे बचाने के लिए सब कुछः धर्मजीत

**तखतपुर।** तखतपुर के नए मंडी प्रांगण में 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के विभिन्न समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि तखतपुर विधायक धर्मजीत शामिल हुए और प्रकृति एवं मां के सम्मान के महत्व पर जोर दिया।

इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा आज हम सब यहां एक ऐसे पवित्र संकल्प के लिए एकत्रित हुए हैं, जो हमारी मां और प्रकृति दोनों के प्रति हमारी जिम्मेदारी को दर्शाता है। मां हमें जीवन देती है और प्रकृति उस जीवन को बनाए रखने के लिए हमें सब कुछ देती है। जैसे एक मां अपने बच्चे का पालन-पोषण करती है, वैसे ही एक पेड़ भी हमें शुद्ध हवा, छाया और फल-फूल देकर हमारा पालन करते हैं। पूर्व नपा उपाध्यक्ष वंदना बाला सिंह ने कहा यह सिर्फ एक पौधा लगाने का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह एक सोच है। एक भावना है जो हमें अपनी धरती मां के प्रति जागरूक करती है। हर व्यक्ति को अपने जीवन में एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करनी चाहिए, क्योंकि यही हमारा भविष्य है। इस अवसर पर जिपं उपाध्यक्ष ललिता संतोष कौशिक, भाजपा नेता संतोष कौशिक, विधायक प्रतिनिधि अमित मंदानी, नैनलाल साहू, दिनेश राजपूत, नारायण सिंह, मदन गोपाल शिवहरे, दिनेश साहू, बंशी पांडे, अश्वनी श्रीवास, गुलजीत खुराना, अंकित अग्रवाल गुल्लू, कैलाश देवांगन, सुनील आहूजा, इस्लाम अंसारी, मंजू देवांगन, संदीप खांडे, राघवेंद्र पांडेय, मुन्ना साहू, सरजू यादव, अजय यादव, अश्वनी शर्मा, मोहित राजपूत, डॉ अश्वनी गुप्ता, मनीष सोनी, परवेज भारमल, कैलश अग्रवाल, सुदीप गोयल, लव पांडेय, गरीबा यादव, विश्वनाथ यादव, संतोष कश्यप, संदीप साहू, अनिल शिवहरे, कुलवंत सिंह हूरा, राकेश मंदानी, त्रिलोक बग्गा, मालती यादव, लता कश्यप, लक्ष्मी पांडेय, रमा नन्दी, शिप्रा सामुएल, मंजू ठाकुर, किशन सचदेव, गिरीश कश्यप, तिलक देवांगन, पप्पू ठाकुर, महेंद्र पांडेय, राजकुमार यादव, राकेश शर्मा सहित बड़ी संख्या लोग उपस्थित रहे।


पौधरोपण करते विधायक धर्मजीत सिंह व अन्य।

## कोरबा वनमंडल के कुदमुरा वन परिक्षेत्र का मामला

# कटे तार से खेत में खींच रखी थी बिजली, हाथी की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा




कोरबा वनमंडल में विचरण कर रहे हाथियों के झुंड में से एक दंतैल हाथी खेत में लगे करंट प्रवाहित तार की चपेट में आ गया जिससे रात को उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने अपने खेत में लगे बोरवेल को चलाने के लिए खुले तार से कनेक्शन खींचा था जिसके चलते दंतैल हाथी की मौत हुई है। जैसे ही वन विभाग के कानों तक यह बात पहुंची वन विभाग में हड़कंप मच गया और रात को ही वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की टीम मौके पर पहुंची और करंट का जाल बिछाने वाले तीन ग्रामीणों को वन विभाग ने गिरफ्तार कर लिया है।

उल्लेखनीय है कि पिछले एक सप्ताह से कोरबा वनमंडल के कुदमुरा वन परिक्षेत्र में दो दर्जन हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है और लगातार जान माल को नुकसान पहुंचा रहा है। बताया जाता है कि कुदमुरा वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बैगामार में निवास करने वाले ग्रामीणों ने अपने खेत में बोरवेल चलाने के लिए विद्युत पोल से सीधा कनेक्शन लिया था जिसका तार बीच-बीच में खुला हुआ था। गुरुवार की रात दंतैल हाथी खेत से पार होकर जा रहा था कि खुले हुए तार के संपर्क में आ गया और उसकी मौत हो गई। देर रात जैसे ही वन विभाग के अफसर को इसकी सूचना मिली महकमे में हड़कंप मच गया और दौड़े दौड़े अफसर जंगल जा धमके और प्रारंभिक जांच पड़ताल के बाद वन विभाग की टीम ने अपने खेतों तक खुले नंगे तार से करंट प्रवाहित करने वाले ग्राम बैगामार में निवास करने वाले तीन ग्रामीणों को वन विभाग ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए ग्रामीणों में ग्राम बैगामार निवासी टीकाराम राठिया उम्र 55 वर्ष, उसका पुत्र कृष्णराम राठिया उम्र 28 वर्ष, बालूराम राठिया उम्र 52 वर्ष पिता दशाराम को वन विभाग ने वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।

## सड़क दुर्घटनाओं को रोकने जिला प्रशासन उठा रहा प्रभावशाली कदम

■ गोवंशों की ईयर टैगिंग एवं रेडियम पेंट का उपयोग

**मुंगेली।** शासन के निर्देशानुसार जिले में सड़कों पर घूमते आवारा पशुओं की वजह से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने जिला प्रशासन ने प्रभावशाली कदम उठाए हैं। कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में इस दिशा में सख्त एवं सुनियोजित कार्य योजना के तहत कार्य आरंभ हो चुका है।

सड़कों पर मवेशियों के खुले विचरण से जनहानि की आशंका बनी रहती है, जिस पर अब प्रभावी नियंत्रण के प्रयास किए जा रहे हैं। पशु चिकित्सा विभाग के उपसंचालक डॉ आरएम त्रिपाठी ने जानकारी दी कि अब तक जिले में बड़ी संख्या में पशुओं की ईयर टैगिंग की जा चुकी है, जिसे शत प्रतिशत पूर्ण किया जा रहा है, इससे पशु मालिकों की पहचान सुनिश्चित हो सकेगी। साथ ही जिन पशु मालिकों द्वारा मवेशियों को सड़कों पर खुला छोड़ा जाएगा, उनके विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। सड़क पर विचरण करने वाले पशुओं के गले में रेडियम बेल्ट पहनाई जा रही है, और कुछ मामलों में रेडियम पेंट का उपयोग भी किया गया है, ताकि रात्रिकालीन दुर्घटनाओं की आशंका को कम किया जा सके। इसके अतिरिक्त किसी भी दुर्घटना की स्थिति में घायल पशुओं को शीघ्र चिकित्सा उपलब्ध कराने हेतु सभी विकासखंडों में पशु चिकित्सा अधिकारियों की विशेष ड्यूटी लगाई गई है। प्रशासन ने इस विषय में जनसहभागिता को भी प्राथमिकता दी है।

### जामा मस्जिद में मुतवल्ली चुनाव का आदेश जारी

**पेंड्रा।** छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड रायपुर के द्वारा प्रदेश की सभी मस्जिदों में मुतवल्ली का चुनाव लोकतांत्रिक ढंग से कराए जाने के संबंध में मुतवल्ली चुनाव मार्गदर्शिका 2022 बनाया गया। जामा मस्जिद पेंड्रा के मुतवल्ली का कार्यकाल 6 जनवरी 2024 को समाप्त होने के कारण शहर के लोगों ने वक्फ बोर्ड रायपुर के नियमानुसार चुनाव कराने का आवेदन दिया, जिस पर अंजुमन इस्लामिया जामा मस्जिद कमेटी पेंड्रा को मुतवल्ली चुनाव कराने का आदेश दिया गया, लेकिन कमेटी ने चुनाव नहीं कराया। मामले को लेकर उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ में याचिका लगाई गई और वक्फ बोर्ड के बनाए गए नियमों के तहत मुतवल्ली चुनाव कराए जाने का निवेदन किया गया। सुनवाई के पश्चात उच्च न्यायालय आदेशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड रायपुर की ओर से जामा मस्जिद पेंड्रा में मुतवल्ली चुनाव कराने का आदेश जारी किया गया है।

### बिक्री के लिए रखी अवैध महुआ शराब जब्त

**तखतपुर।** अवैध रूप से बिक्री के लिए रखे कच्ची महुआ शराब को पुलिस ने जब्त करते हुए आबकारी अधिनियम की धारा 34,1 क के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवचेना में ले लिया। जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि हरदी पकरिया मोड़ के पास एक युवक शराब बिक्री के लिए घूम रहा है सूचना मिलने पर पुलिस ने दबिश देकर आरोपी लाला राम बघेल उम्र 55 वर्ष के पास से तीन लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त करते हुए। आबकारी अधिनियम की धारा 34,1 क के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवचेना में ले लिया।

## निधन

### कमला शर्मा



**बिलासपुर।** टिकरापारा निवासी कमला शर्मा पति स्व. नथमल शर्मा का 1 अगस्त को निधन हो गया। वे 84 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार मधुबन मुक्तिधाम दयालबंद में 2 अगस्त को सुबह 10 बजे किया जाएगा। वे संजय, सुभाष शर्मा की माता थीं।

### ज्ञानचन्द सोढानी



**बिलासपुर।** कतियापारा जूना बिलासपुर निवासी ज्ञानचन्द सोढानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मधुबन मुक्तिधाम (संत कवर राम शमशान गृह) दयालबन्द में किया गया। वे रवि सोढानी के दादा व स्वः निहचल दास के पिता थे।

### राधादेवी गर्ग



**बिल्हा।** नगर के प्रतिष्ठित गर्ग परिवार की सदस्य श्रीमती राधा देवी गर्ग पत्नी स्व. मदन लाल गर्ग का 1 अगस्त को निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 2 अगस्त की दोपहर 2 बजे उनके निज निवास स्थान से स्थानीय मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे रिटायर्ड आईजी केसी अग्रवाल, अशोक गर्ग, मनोज गर्ग की माता थीं।

## खबर संक्षेप

### चोरीः एक आरोपी और नाबालिग गिरफ्तार



**बिलासपुर।** खमतराई काली मंदिर के पास निजी मकान में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों को पकड़ने में सरकंडा पुलिस को कामयाबी मिली है। पुलिस ने एक आरोपी और नाबालिग को इस मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार खमतराई निवासी खुशबू जायसवाल पति राम अवतार जायसवाल उम्र 30 वर्ष ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह दुकान चलाती है। 17 जून की दोपहर 2 बजे घर में ताला लगाकर दुकान चली गई थी,और रात के 10 बजे वापस आई। इस दौरान चोरों ने उनके घर से नगद, जेवर पार कर दिया। सरकंडा सीएसपी सिद्धार्थ बघेल के मार्गदर्शन में टीआई निलेश पाण्डेय के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी नाबालिग को हिरासत मे लिया। उसने साथी उत्तम साहू उर्फ सिद्धू के साथ मिलकर खमतराई में सूने मकान से चोरी करने की बात कबूल कर ली। मामले में पुलिस ने उत्तम साहू उर्फ सिद्धू पिता राजेन्द्र साहू उम्र 19 वर्ष निवासी काली मंदिर के पास भाठापारा खमतराई को गिरफ्तार कर लिया है वहीं नाबालिग को बाल संप्रेषण गृह भेजा गया है।

### तीन ट्रेनों में अतिरिक्त कोच की स्थायी सुविधा

**बिलासपुर।** रेल प्रशासन ने यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा और अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली तीन एक्सप्रेस ट्रेनों में वातानुकूलित श्रेणी के अतिरिक्त कोच की सुविधा स्थायी रूप से लगाने का आदेश दिया है। 18241/18242 दुर्ग-अंबिकापुर और अंबिकापुर से दुर्ग के बीच चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन में एक अतिरिक्त एसी थ्री, एसी टू कोच की सुविधा दुर्ग से 1 अगस्त से और अंबिकापुर से 2 अगस्त से, 18756/18755 अंबिकापुर-शहडोल और शहडोल-अंबिकापुर एक्सप्रेस में एक एसी थ्री और एसी टू कोच की सुविधा अंबिकापुर से 2 अगस्त और शहडोल से 2 अगस्त से, 22867/22868 दुर्ग-निजामुद्दीन और निजामुद्दीन-दुर्ग हमसफर एक्सप्रेस मे दो एसी थ्री कोच की सुविधा दुर्ग से 1 अगस्त से तथा निजामुद्दीन से 2 अगस्त से स्थायी रूप से उपलब्ध कराई जाएगी।

### करोड़ों की परियोजना चार साल में होगी पूरी

**बिलासपुर।** रेल मंत्रालय की 11169 करोड़ वाली चार परियोजनाओं को अनुमति प्रदान की गई है। इसमें नागपुर से इटारसी चौथी लाइन, औरंगाबाद छत्रपति संभाजीनगर से परभणी दोहरीकरण, अलुआबारी रोड से न्यू जलपाईगुड़ी तीसरी और चौथी लाइन, डांगोपोसी से जारोली तीसरी व चौथी लाइन बढ़ी हुई लाइन क्षमता गतिशीलता में काफी वृद्धि करेगी, जिसके परिणामस्वरूप रेलवे की परिचालन क्षमता और सेवा विश्वसनीयता में सुधार होगा। महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, पश्चिम बंगा, बिहार, ओडिशा, झारखंड राज्यों के 13 जिलों को कवर करने वाली चार परियोजनाओं से रेल के मौजूदा नेटवर्क में 574 किलोमीटर की वृद्धि होगी। इससे रेल यातायात में बढ़ोत्तरी होगी। यात्रियों को समय पर अपने गंतव्य को पहुंचाएगी।

---

**दूर-दराज से नहीं आना पड़ेगा यूनिवर्सिटी** | **नए कुलपति ने आते ही बनाई नई व्यवस्था**

# ओयू में ई-मेल से किया जाएगा विद्यार्थियों की समस्याओं का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी में नए कुलपति प्रो. विरेन्द्र कुमार सारस्वत ने आते ही नई व्यवस्था लागू की है।

उन्होंने यूनिवर्सिटी की ओर से एक ई-मेल एड्रेस जारी किया है, जिसके माध्यम से छात्र-छात्राओं के समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। अब छत्तीसगढ़ के दूर-दराज क्षेत्रों में रहने वाले छात्र-छात्राओं को हर छोटे-मोटे काम या समस्या के लिए यूनिवर्सिटी आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी का कार्यक्षेत्र पूरे छत्तीसगढ़ में है और प्रदेश में ओपन यूनिवर्सिटी के 7 रिजनल सेंटर सहित 147 स्टडी सेंटर हैं। इन सेंटरों के अंतर्गत दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से ओपन यूनिवर्सिटी में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं को अभी कोई भी काम पड़ने पर अपने एरिया के सेंटर जाना पड़ता है और वहां काम नहीं होने पर बिलासपुर ओपन यूनिवर्सिटी आना पड़ता है। ओपन यूनिवर्सिटी आना काफी दूर



पड़ता है और छात्र-छात्राओं का पूरा एक या दो दिन लग जाता है, इसलिए छात्र-छात्राओं की इस परेशानी को ध्यान में रखते हुए ओपन यूनिवर्सिटी के नवनियुक्त कुलपति वीरेन्द्र कुमार सारस्वत ने पदभार ग्रहण करने के दूसरे ही दिन नई व्यवस्था लागू कर दी है। उन्होंने यूनिवर्सिटी की ओर से एक ई-मेल एड्रेस ई-मेल गवर्नेंस एटदरेट पीएसएसओयू. एसी. इन जारी किया है। ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. विरेन्द्र कुमार सारस्वत ने बताया कि वे अपने आफिस में ही एक सेल बनाएंगे और सभी विभाग सीधे उन्हें ही रिपोर्ट करेंगे। इस ई-मेल पर कोई भी छात्र-छात्रा अपनी समस्या सीधे कुलपति को भेज सकते हैं। कुलपति द्वारा उनकी समस्या को संबंधित विभाग को भेजा जाएगा और 15 दिनों के भीतर निराकरण कर ई-मेल से ही छात्र-छात्राओं को उसकी सूचना दे दी जाएगी। कुलपति प्रो. सारस्वत ने बताया कि ओपन यूनिवर्सिटी में कौन-कौन से कोर्सेस चल रहे हैं और किन-किन कोर्सेस की डिमांड है तथा किस कोर्स की डिमांड नहीं है, इसका एनालिसिस किया जाएगा और आगे उस संबंध में निर्णय लिए जाएंगे।

---

**छात्र युवा नागरिक रेलवे जोन संघर्ष समिति ने की इंटरसिटी को बिलासपुर से चलाने की मांग**

# रेलवे बोर्ड ने फिर की बिलासपुर की उपेक्षा, ट्रेन चलेगी रायपुर से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हर बार की तरह इस बार भी रेल मंत्रालय ने एक बार फिर बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन की उपेक्षा करते हुए नई ट्रेन की सौगात रायपुर को दे दी है, जो रायपुर से गोंदिया होते हुए जबलपुर तक रवाना होगी। रेल मंत्रालय के इस निर्णय का छात्र युवा नागरिक रेलवे जोन संघर्ष समिति ने विरोध करते हुए ट्रेन को बिलासपुर जोनल स्टेशन से चलाए जाने की मांग की है।

पूरे रेलवे में सबसे अधिक माल लदान से राजस्व देने वाला दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का जोन मुख्यालय बिलासपुर में है। बिलासपुर रेलवे के अधिकारी यात्री ट्रेनों को घंटों आउटर में नियंत्रित करने के साथ रद्द करते हुए केवल मालगाड़ियों का संचालन करते हैं। इसके बाद भी हर बार बिलासपुर जोनल स्टेशन की उपेक्षा रेल मंत्रालय की ओर से की जाती है। इसी तरह एक बार फिर रेल मंत्रालय ने एसईसीआर बिलासपुर जोन को नई इंटरसिटी ट्रेन की सौगात तो दी है, लेकिन यह ट्रेन बिलासपुर के बजाय रायपुर से चलाने का आदेश दिया गया है। इसका छात्र युवा नागरिक रेलवे जोन संघर्ष समिति ने विरोध करना शुरु कर दिया है। समिति का कहना है कि 1 अगस्त को केन्द्र सरकार में पहली बार छत्तीसगढ़ से बिलासपुर को प्रतिनिधित्व मिलने और बिलासपुर सांसद तोखन साहू को केन्द्र में मंत्री बनाए जाने पर उम्मीद जगी थी कि वर्षो से चल रहा बिलासपुर के साथ अन्याय समाप्त होगा। डेढ़ साल में ही यह अपेक्षा पूरी तरह से निराधार साबित हुई। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जिसका जोनल मुख्यालय बिलासपुर है। यहां एक नई यात्री ट्रेन चलाने की घोषणा की गई है, जो रायपुर से जबलपुर के बीच व्हाया दुर्ग, गोंदिया होकर चलाई जाएगी। पूरा क्षेत्र एसईसीआर का हिस्सा है। समिति ने मांग की है कि यह ट्रेन बिलासपुर से रायपुर होकर गोंदिया के रास्ते जबलपुर तक चलनी चाहिए थी। इस मार्ग से दूरी केवल 518 किलोमीटर है और इंटरसिटी एक्सप्रेस में यह दूरी 9 घंटे में पूरी हो सकती है। ट्रेन सुबह 5 बजे जबलपुर से रवाना हो तो बिलासपुर दोपहर 2 बजे तक पहुंच जाएगी। इसके अलावा बिलासपुर से दोपहर 2.30 बजे रवाना हाकर जबलपुर में रात 11.30 बजे तक पहुंचेगी।



### केन्द्रीय राज्य मंत्री साहू से मिलकर करेंगे अनुरोधः दुबे

पूर्व जेडआरयूसीसी मेम्बर संजय दुबे ने कहा कि सर्वाधिक आय देने वाले रेलवे जोन में यात्री सुविधाओं की उपेक्षा नहीं होनी चाहिए। जोन मुख्यालय के नाते ट्रेन को बिलासपुर से चलाया जाना चाहिए। श्री दुबे ने कहा कि वे इस मामले में केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू से मिलकर अनुरोध करेंगे कि क्षेत्र की जनता की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए ट्रेन को बिलासपुर से चलाने की पहल करें।

### जबलपुर से रवाना होगी 6 बजे

समिति के अनुसार वर्तमान में जारी किए गए टाइम टेबल में यह ट्रेन सुबह 6 बजे जबलपुर से रवाना होकर दोपहर 1.45 बजे रायपुर और रायपुर से दोपहर 2.30 बजे रवाना होकर जबलपुर रात 11.45 बजे पहुंचेगी। यह ट्रेन एक घंटे पहले और एक घंटे पहुंचने के टाइम टेबल के आधार पर बिलासपुर से जबलपुर के बीच चलाई जा सकती है। ऐसी कई ट्रेनें जो आने और जाने में 9 घंटे लेती है, रेलवे के अंतर्गत इंटरसिटी या जनशताब्दी के रूप में चल रही है। यह सब होने के बावजूद ट्रेन को बिलासपुर के स्थान पर रायपुर से प्रारंभ कर बिलासपुर के साथ अन्याय किया जा रहा है।

### केन्द्रीय मंत्री को लेना चाहिए संज्ञान

छात्र युवा नागरिक रेलवे जोन संघर्ष समिति ने कहा कि केन्द्र सरकार में बिलासपुर के सांसद तोखन साहू को पहली बार मंत्री पद दिया गया। हमेशा यह पद रायपुर संभाग या अन्य क्षेत्रों के सांसदों को दिया जाता रहा। बिलासपुर रेलवे जोन जो सर्वाधिक आय देने वाला रेलवे जोन है, उसी के मुख्यालय से प्रारंभ होने वाली नई ट्रेन का संचालन बिलासपुर से ना करते हुए रायपुर से करने पर केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू को संज्ञान लेना चाहिए। उन्हें व्यक्तिगत रूप से दखल देकर केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से चर्चा करनी चाहिए।

---

# ब्लॉक कांग्रेस की बैठक में मचा बवाल उठकर चले गए शहर महामंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- कांग्रेस भवन में मंडल, सेक्टर कमेटी गठन को लेकर चल रही थी बैठक

कांग्रेस भवन में शुक्रवार को शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दो की बैठक में उस वक्त बवाल मच गया, जब पूर्व महिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष सीमा पांडेय बैठक में शामिल होने पहुंचीं। उनके आते ही शहर महामंत्री आदेश पांडेय यह कहते हुए भड़क उठे कि चुनाव में जो भितराघात किए और पार्टी से निष्कासित है उन्हें क्यों बैठक में बुलाया जाता है। इसके बाद वे बैठक से उठकर बाहर चले गए।

कांग्रेस में सृजन अभियान के तहत मंडल, सेक्टर कमेटी गठन को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों की बैठकों का दौर चल रहा है। लगातार अलग-अलग ब्लॉक कमेटियों की बैठक हो रही है।

इसी कड़ी में आज कांग्रेस भवन में शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दो की बैठक हुई। बैठक चल ही रही थी कि बैठक में शामिल होने पूर्व शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा पांडेय कांग्रेस भवन पहुंचीं। सीमा पांडेय को बैठक में आते देख शहर महामंत्री आदेश पांडेय भड़क उठे और उन्होंने ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद शुक्ला की ओर इशारा करते हुए कहा कि जो नगरीय निकाय चुनाव में भितराघात, खुलाघात किए और पार्टी विरोधी काम करने के कारण निष्कासित हुए हैं, उन्हें क्यों बैठक में बुलाया जाता है। इतने



सदस्यों से चर्चा करते पदाधिकारी।

में बैठक का माहौल गरमा गया और वहां हल्ला होने लगा। वहीं नाराज होकर आदेश पांडेय बैठक से उठकर बाहर चले गए।

आदेश इस बार नगरीय निकाय चुनाव में वार्ड नंबर 35 किलावार्ड क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर पार्षद का चुनाव लड़े थे और चुनाव के बाद उनके सहित रामदुलारे रजक, प्रियंका यादव, जोन अध्यक्ष गजेन्द्र श्रीवास्तव ने पार्टी से शिकायत की थी, जिसमें चुनाव में सीमा पांडेय पर पार्टी विरोधी गतिविधि में शामिल रहने, भितराघात, खुलाघात का आरोप लगाया था। इस शिकायत के आधार पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय पांडेय ने उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया था।

### ब्लाक अध्यक्ष के समक्ष उठाया मामला

नगर निगम चुनाव के समय पार्टी विरोधी गतिविधि में शामिल होने भितराघात करने को लेकर मेरे सहित कांग्रेस पार्षद रहे रामदुलारे रजक, प्रियंका यादव और जोन अध्यक्ष गजेन्द्र श्रीवास्तव ने पार्टी को पत्र लिखकर शिकायत की थी, उसके बाद सीमा पांडेय का निष्कासन हुआ था। इसलिए मैने ब्लाक अध्यक्ष के समक्ष यह बात उठाई है कि निष्कासित लोगों को कांग्रेस भवन की बैठक में क्यों बुलाया गया है।

-**आदेश पांडेय,** शहर महामंत्री, कांग्रेस

### मुझे कोई नोटिस नहीं मिला है

मैं कांग्रेस भवन ब्लॉक दो की बैठक में शामिल होने गई थी। चुनाव में भितराघात, खुलाघात के मामले में निष्कासन वाली बात को उठाते हुए नाराज होकर आदेश पांडेय उठकर चले गए। मैं कहती हूं कि मुझे शहर अध्यक्ष ने निष्कासित किया था तो आज तक मुझे एक नोटिस भी नहीं मिली है, केवल पेपर में छपने बस से मैं अपने आपको निष्कासित कैसे मान लूं।

-**सीमा पांडेय** पूर्व अध्यक्ष, शहर महिला कांग्रेस

---

# स्कूली छात्राएं हुईं गायब गांव में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिल्हा के वार्ड नंबर 9 में रहने वाली दो बालिकाएं गायब हो गई हैं। गायब बालिकाओं 9 व 11 वर्ष की है। दोनों अपने भाई को स्कूल छोड़ने के लिए गईं थी। इसके बाद से उनका पता नहीं चल पा रहा है। परिजनों ने बिल्हा थाने में इसकी शिकायत की है। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर दोनों की तलाश में जुटी गई है।

बिल्हा में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उनकी 9 साल की बेटी चौथी कक्षा में पढ़ने के बाद स्कूल छोड़ दी है। गुरुवार को बच्ची अपने रिश्ते के भाई के 6 साल के बेटे को छोड़ने के लिए स्कूल गई थी। इस दौरान बालक की 11 साल की बड़ी बहन भी उनके साथ ही थी। दोनों बच्चियों ने उसे स्कूल छोड़ा। इसके बाद वे घर नहीं लौटी। इधर परिजन जब खेत से घर आए तो दोनों बच्चियों के नहीं मिलने पर पड़ोसियों से पूछताछ की। शाम तक उनका पता नहीं चल सका, बिल्हा थाने में शिकायत की गई। इसके बाद पुलिस की टीम सक्रिय हो गई है। दोनों बच्चियों की फोटो आसपास के थानों में भेजा गया है। इसके अलावा जीआरपी से भी सहयोग मांगा गया है। पुलिस की टीम बिल्हा व अन्य जगहों में लगे सीसीटीवी कैमरे का भी फुटेज खंगाल रही है।

### अनहोनी की आशंका

एक ही परिवार से दो बालिकाओं के गायब होने मोहल्ले के लोग सकते में आ गए हैं। इधर अनहोनी की आशंका को लेकर परिजनों को हाल बुरा हो चुका है। लोग आसपास के गांव में दोनों बच्चियों के संबंध में जानकारी जुटा रहे हैं। इसके साथ ही बारिश का समय होने के कारण आसपास के तालाब में भी तलाशी जारी है।

### की जा रही है पतासाजी

दोनों बच्चियों के गायब होने की शिकायत परिजनों ने की है। अपहरण का मामला दर्ज कर किया गया है, जांच जारी है। पुलिस की टीम आसपास पतासाजी कर रही है।

-**डीआर टंडन**
डीएसपी बिलासपुर

---

# महिला ने की थी आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर भेजा जेल

तीन माह पहले महिला द्वारा आत्म हत्या करने के मामले में पुलिस ने अपनी जांच में आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना सरकंडा थाना क्षेत्र की है।



सरकंडा थाना क्षेत्र के श्याम नगर लिंगियाडीह की रहने वाली सुलोचना देवांगन ने 5 अप्रैल 2025 की सुबह 10 बजे घर के कमरे में फांसी लगा ली थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की। मृतका सुलोचना देवांगन के परिजनों ने बताया कि सुलोचना देवांगन व अंकित देवांगन का विवाह फरवरी 2023 हुआ था। दोनों की ही एक बच्ची है। सुलोचना का स्वास्थ्य आए दिन खराब रहता था,वह अपने पति अंकित से इलाज कराने के लिए फरियाद करती थी लेकिन वह उसे बुरा भला कहता था। पुलिस ने परिजनों के कथनों के आधार पर आरोपी पति अंकित देवांगन को 1 अगस्त को तलब किया और पूछताछ करने पर आरोपी अंकित उर्फ निक्कू देवांगन पिता अशोक देवांगन उम्र 26 वर्षने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

### नाबालिग को भगाया, गिरफ्तार

**बिलासपुर।** दो माह पहले शादी का झांसा देकर नाबालिग को भगाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से नाबालिग को बरामद किया गया है। मामला सरकंडा थाना क्षेत्र का है। मामले के अनुसार नाबालिग की मां ने 26 मई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 16 वर्षीय बेटी घर से बिना बताए कहीं चली गई है। उन्होंने आशंका व्यक्त कि थी कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर अपहरण कर लिया गया है। पुलिस ने मामले में विवेचना शुरू की। इस दौरान पुलिस ने साइबर सेल से तकनीकी जानकारी की और पता लगा कि 23 जुलाई को अपहृता संदेही चेन्नई में है। थाना प्रभारी निलेश पाण्डेय के मार्गदर्शन में टीम टावर लोकेशन के आधार पर चेन्नई रवाना की गई। अपहृत बालिका को आरोपी अजय कुमार ठाकुर के कब्जे से बरामद किया गया।


---

# 5 एकड़ में अवैध प्लाटिंग, निगम ने तोड़ी सड़क- नाली, बाउंड्रीवाल ढहाई गई

- चौथे दिन भी चला बुलडोजर, लगातार कार्रवाई जारी

**बिलासपुर।** शहर में चल रहे अवैध प्लाटिंग के खिलाफ लगातार कार्रवाई करते हुए नगर निगम ने चौथे दिन जोन क्रमांक 7 क्षेत्र के अवैध प्लाट में बनाए गए सड़क,नाली और बाऊण्ड्रीवाल को तोड़ दिया है।

निगम अधिकारियों ने बताया कि अशोक नगर मार्ग में बिरकोना आशाबंद रोड में खसरा क्र. 1259 का भाग, 1259/167, में लगभग 2.81 एकड़ भूमि पर संजय ध्रुव द्वारा अवैध प्लाटिंग करते 34 टुकड़ो में विभक्त कर विभिन्न लोगों को बेचा गया था। बाकी बची जमीन भी वह बेचने की तैयारी में था। निगम की टीम ने रोकते हुए प्लाट में बने बाऊण्ड्रीवाल, सड़क समेत अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर को तोड़ दिया है। इसके अलावा नहर किनारे खसरा नं. 1183/23 में लगभग 2 एकड़ भूमि पर संजीवनी कापसे और अजय कापसे द्वारा अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। इस पर भी कार्रवाई की गई



कार्रवाई करता नगर निगम का अमला।

है। इसके साथ ही खसरा नं. 277/3 में 1 एकड़ भूमि पर वरूण सामनानी और कोनी में खसरा नंबर 342 में संजय खेत्रपाल के द्वारा की गई अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई की गई। इस दौरान सभी अवैध प्लाट में बनाए गए सड़क,बाउंड्रीवाल और नाली को तोड़ दिया गया है। कोनी स्थित अवैध प्लाट में बनाए अवैध मकान को भी तोड़ा गया है। कमिश्नर अमित कुमार ने अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए है, जो आगे भी जारी रहेगा। कार्रवाई में अनुपम तिवारी, विभा सिंह, जुगल किशोर सिंह, अरूण यादव आदि मौजूद थे।

---

# कोविड के मिल रहे मरीज, स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बारिश का मौसम आते ही जिले में मलेरिया, डायरिया के मरीज मिल रहे हैं, विभाग अपनी मुस्तैदी दिखा रहा है, लेकिन इस पर अंकुश नहीं लग सका है।

यही कारण है कि कोटा क्षेत्र में मलेरिया के मरीज लगातार आ रहे हैं, वहीं शहर के अंदर डायरिया के मरीज मिल रहे हैं। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग की चिंता कोविड संक्रमण ने बढ़ा दी है। जिले में 4 कोविड मरीज मिले है। जिसे लेकर हड़कंप मचा हुआ है। मौसम की मार के आगे हर कोई बेबस है, घरों में इन दिनों वायरल फीवर व सर्दी, खांसी के मरीज मिल रहे हैं, लेकिन दूसरी ओर स्वास्थ्य विभाग मलेरिया और डायरिया के मरीज सामने आने के बाद सर्वे कर रहा है। कोटा क्षेत्र में एक माह के भीतर 17 मलेरिया के मरीज मिल चुके है, सभी का इलाज घर पर किया गया है, लेकिन स्वास्थ्य अधिकारी दौरा कर मरीजों का हाल चाल जान रहे हैं।

रतनपुर के आसपास के क्षेत्रों के बाद शहर में डायरिया के 9 मरीज मिले हैं, सभी मरीज अलग-अलग क्षेत्रों के हैं। वहीं कोविड के भी 4 नए मरीज मिले है। बताया जा रहा है कि भाटिया रेसीडेंसी की 33 वर्षीय महिला, काल्विट हास्पिटल में 67 महिला की रिपोर्ट पाजिटीव आने के बाद अस्पताल में भर्ती किया गया है। साथ ही तुलसी निवास राजकिशोर के 27 वर्षीय पुरूष की रिपोर्ट कोविड से पाजिटीव पाई गई है जिसका इलाज अपोलो में जारी है। इसमें 8 माह की बच्ची की रिपोर्ट भी कोविड पाजिटीव है, बताया जा रहा है कि भाटिया रेसीडेंसी के महिला और बच्ची आपस में संबंधी है।

### बैगा जनजातियों में ही मिले रहे मरीज

खास बात यह है कि कोटा क्षेत्र के जनजाति समूहों के लोगों के बीच मलेरिया के मरीज मिल रहे है। जंगल के आसपास रहने वाले इन लोगों के परीक्षण के दौरान मलेरिया की पुष्टि स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जा रही है। 30 जुलाई को कोटा क्षेत्र के 64 वर्षीय मोतीराम बैगा पिता अग्नु बैगा की पीएफ मलेरिया रिपोर्ट पाजिटिव पाई गई। बैगापारा ग्राम करवा के रहने वाले अन्य लोगों की मलेरिया जांच स्वास्थ्य विभाग द्वारा कराई जा रही है।

---


हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 16,500/
रिजर्वेशन कोच
10 सितंबर, 24 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री शिरडी साईं बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:- स्लीपर -16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411